तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 16 फरवरी 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



सभी दो और चार पहिया वाहनों में नंबर प्लेट देखकर बच्चों ने अपनी साइकिल में हाथ से नंबर लिखकर प्लेट लगा लिया।

## खबर संक्षेप

### डिवाइडर तो दूर स्टॉपर तक का लोहा नहीं छोड़ रहे चोर



**बिलासपुर।** रोड डिवाइडर की ग्रिल काटकर लोहा चोरी करने की शिकायतें तो आम बात है, लेकिन चोर अब सड़क पर रखे गए ट्रैफिक स्टॉपर तक का लोहा भी नहीं छोड़ रहे हैं। नेहरू चौक से लेकर सरकंडा के बीच यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के उद्देश्य से सड़क पर बीचोबीच स्टॉपर रखे गए हैं। चोरों के द्वारा इनका भी लोहा काटकर चोरी की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस तरह के ज्यादातर मामलों में नशा करने वाले कम उम्र के बच्चे भी शामिल हो सकते हैं, जो नशे के लिए अपनी छोटी जरूरतों को पूरी करने के लिए लोहा काटकर बेचने का काम करते हैं।

### 7 दिन रहेगा मौसम सामान्य इसके बाद बढ़ेगा तापमान

**बिलासपुर।** प्रदेश सहित जिले में अगले 7 दिनों तक तापमान सामान्य रहने की उम्मीद है। इस दौरान अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान अधिकतम तापमान 32 डिग्री के आसपास ही रह सकता है लेकिन फरवरी बीतते तक तापमान में बढ़त देखी जाएगी। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार तापमान में फिलहाल कोई परिवर्तन नहीं होने वाला है। प्रदेश का मौसम शुष्क रह सकता है। इस दौरान मौसम स्थिर रहेगा। अधिकतम के साथ ही न्यूनतम तापमान भी बढ़त होगी लेकिन इसके लिए अभी करीब 7 से 10 दिनों का इंतजार है। आसमान पूरी तरह से साफ रहने की उम्मीद है। इसके बाद ही तापमान में बढ़त हो सकेगी।

### जिले के थानों में नहीं हो रही आनलाइन एफआईआर

**बिलासपुर।** पिछले दिन दिनों से जिले के थानो में तकनीकी खराबी के चलते आनलाइन एफआईआर नहीं हो रही है। जिससे पीड़ितों को रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने का चक्कर काटना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय रायपुर में शुक्रवार से तकनीकी खराबी आने से सीजी एफआईआर एप खुलना बंद हो गया। जिला सहित प्रदेश के सभी जिलों में आनलाइन एफआईआर दर्ज नहीं हो पा रहा है। कई थानों में आफ लाइन एफआईआर लिया जा रहा है तो कई थानो में शिकायत लेकर चलता किया जा रहा है। एडिशन एसपी पंकज कुमार पटेल ने बताया कि सर्वर डाउन होने व टेक्निकल फाल्ट आने से आनलाइन एफआईआर नहीं हो पा रही है।

# फेल होने का डर खत्म, अगली कक्षा में मिल जाएगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

स्कूल शिक्षा विभाग ने 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा को लेकर स्पष्ट किया है कि, इस साल किसी भी बच्चे को फेल नहीं किया जाएगा। मुख्य परीक्षा में असफल होने पर पूरक परीक्षा का अवसर मिलेगा। उसमें भी सफल नहीं होने पर छात्र को अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा।

दरअसल आरटीई लागू होने के बाद कक्षा 1 से 8 तक परीक्षा पर रोक थी। विभिन्न राज्यों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की रिपोर्ट के बाद केंद्र सरकार ने आरटीई में शिथिलता दी। 5वीं-8वीं की परीक्षा लेने की अनुमति राज्यों को दी। इसके बाद राज्य शासन ने पिछले साल से परीक्षा फिर शुरू की है।

ध्यान रहे कि इस साल घोषित समय-सारणी के अनुसार 5वीं की परीक्षा 16 मार्च से और 8वीं की 17 मार्च से शुरू होगी। परीक्षा में सरकारी और अनुदान प्राप्त स्कूलों के साथ छत्तीसगढ़ बोर्ड सेकेंडरी ऑफ एजुकेशन से मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूल भी शामिल होंगे। पिछले साल अचानक निर्णय और समय पर अधिसूचना जारी नहीं होने के कारण प्राइवेट स्कूल संचालकों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। तब कोर्ट ने परीक्षा में शामिल होने का निर्णय स्कूलों पर छोड़ दिया था। नतीजतन केवल 15% प्राइवेट स्कूलों के छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। इस बार सभी मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

### 5वीं और 8वीं की होगी केंद्रीकृत परीक्षा

- प्राइवेट स्कूल के बच्चे भी हो सकते हैं परीक्षा में शामिल
- आरटीई लागू होने के बाद कक्षा 1 से 8 तक परीक्षा पर रोक थी



### 3 माह तक सुरक्षित रहेंगी उत्तरपुस्तिकाएं



जारी गाइडलाइन के अनुसार, मूल्यांकन के बाद उत्तरपुस्तिकाओं को सीलबंद पैकेट में विकासखंड स्तर पर 3 महीने तक सुरक्षित रखना होगा। इसकी जिम्मेदारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी की होगी। मूल्यांकन केंद्र संकुल विद्यालयों में बनाए जाएंगे। शिक्षा विभाग का कहना है कि परीक्षा का उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन करना है, न कि उन्हें असफल घोषित करना।

### विभाग ने तय किए परीक्षा से जुड़े मानदेय और शुल्क

इसके साथ ही शिक्षा विभाग ने परीक्षा से जुड़े मानदेय और शुल्क भी तय किए हैं। 5वीं की परीक्षा के लिए प्रति छात्र 55 रुपए और 8वीं के लिए 60 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है, जो जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा होगा। 5वीं की उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन के लिए 2 रुपए और 8वीं के लिए 3 रुपए प्रति कॉपी दिए जाएंगे। मुख्य मूल्यांकनकर्ता को 100 रुपए प्रतिदिन और केंद्राध्यक्ष को 150 रुपए प्रतिदिन मानदेय मिलेगा।

### सड़क, नाली, सफाई तक के काम नहीं हो पा रहे

# 70 वार्डों में 10 करोड़ के काम अटके निगम को साल भर से फंड ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर नगर निगम की माली हालत पिछले साल भर से बेहद खराब है। वाडों में सड़क, नाली निर्माण और छोटे-मोटे मरम्मत के कार्यों के लिए पार्षदों को जोन और निगम मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जनप्रतिनिधि अपने वार्डों में दो-पांच लाख का भी काम नहीं करा पा रहे हैं। दो-तीन महीने से उनके प्रस्तावों की फाइल फंड नहीं होने के कारण निगम दफ्तरों में धूल खा रही है और जनप्रतिनिधियों को लोगों के सवालों के जवाब देते नहीं बन रहा है। हाल यह है कि पार्षदों को हर साल मिलने वाली 6 लाख रुपए की निधि भी बड़ी मुश्किल से आधी 3 लाख ही मिली है। यही नहीं महापौर को भी ढाई करोड़ में से एक ही किश्त सवा करोड़ रुपए की मिली है।



नगर निगम की नई कार्यकारिणी को बैठे एक साल हो गए हैं। ज्यादातर पार्षद अपने प्रस्ताव लेकर कभी जोन तो कभी निगम मुख्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। खास तौर पर कांग्रेसी पार्षदों की शिकायत है कि उनके वार्ड में काम नहीं हो पा रहे हैं। सामान्य सभा में भी यह मामला जोर से उठा था और पक्षपात के आरोप लगे थे। शहर के बीच स्थित तालापारा, मगरापारा, श्रीकांत वर्मा मार्ग, विनोबानगर में सड़क और नाली निर्माण के अलग-अलग करीब आधा दर्जन प्रस्ताव पिछले तीन महीने से निगम के जोन दफ्तर में लंबित पड़े हैं। वार्ड की कांग्रेसी पार्षद और निगम की उप नेता प्रतिपक्ष श्रीमती संतोषी रामा बघेल कहा कि कि स्थिति यह हो गई है कि मरम्मत के लाख-दो लाख की फाइल भी स्वीकृत नहीं हो रही है।

### ठेकेदारों का भी लाखों का बिल बकाया

दरअसल इस बार अधिकांश पार्षद नए हैं और पहली बार चुनकर आए हैं। पिछले साल भर से अपने वार्डों में कुछ भी काम नहीं करा पाने की खीझ उनमें देखी जा रही है। सामान्य सभा और एमआईसी की बैठक में भी यह बात सामने आई थी। नए पार्षद अपना धैर्य भी खोते जा रहे हैं। इधर ठेकेदारों का भी लाखों का बिल बकाया है इसलिए उन्होंने शहर में एक तरह से काम करने से मना कर दिया। खास तौर पर ठेकेदार मजदूरों को भुगतान नहीं कर पा रहे हैं।

### अधोसंरचना मद की राशि भी नहीं मिली अभी तक

इसी तरह दूसरे वार्डों के पार्षदों का कहना है कि निगम की माली हालत अभी खराब है। निगम अभी कर्ज में है। दरहर साल राज्य शासन से जोनों को अधोसंरचना मद में पांच से छह करोड़ रुपए मिलते हैं। इस साल अब तक यह फंड नहीं आया है। अधिकारियो का कहना है कि इस बारे में नगरीय प्रशासन मंत्रालय के पास फाइल भेजी गई है। जल्द ही राशि स्वीकृत होने की उम्मीद है। इधर हाल यह है कि नगर निगम में प्लेसमेंट पर सफाई का काम के करने वाले सफाई कर्मचारियों को भी तीन से चार महीने का भुगतान नहीं हुआ है। गौरतलब है कि 70 वाडों में करीब तीन हजार सफाईकर्मी कार्यरत हैं और इनका हर महीने करीब ढाई करोड़ का पेमेंट भुगतान बनता है।

- पार्षदों को मिलने वाली 6 लाख की राशि में से भी तीन लाख ही मिले
- पार्षदों को जोन और निगम मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं



### अधिकारियों के चक्कर काटने की मजबूरी

शहर के 70 वार्डों को मिला लें तो करीब 10 करोड़ के कामों के प्रस्ताव निगम के पास हैं। पार्षद इन कामों को लेकर लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन कोई सही जवाब नहीं मिल रहा है। वार्ड क्रमांक 42 देवरीखुर्द क्षेत्र के पार्षद लक्ष्मी यादव के अनुसार उनके वार्ड में सबसे बड़ी समस्या पानी की है। इसके अलावा सड़क कई जगहों पर खराब है। नालियों की सफाई नहीं हो रही है। रिपेयरिंग के काम कई जगहों पर होने है लेकिन बजट नहीं होने का हवाला देते हुए फाइल लौटा दी जा रही है। ध्यान रहे कि तिफरा और सिरगिट्टी क्षेत्र के लोगों ने समस्याओं को लेकर निगम का घेराव भी किया था।

### स्वीकृति मिलते ही फंड जारी होगा

यह सही है कि नगर निगम पार्षदों को मिलने वाली 6 लाख की राशि में से अभी 3 लाख ही मिले हैं। महापौर निधि भी सवा करोड़ ही मिली है। राज्य सरकार की ओर से दूसरी किश्त जल्द जारी करने की बात कही गई है। इसके लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद वार्डों को फंड जारी किए जाएंगे। निगम और जोन आफिसों में लेकिन बजट की समस्या नहीं है। जरूरत के हिसाब से काम कराए जा रहे हैं।

**- पूजा विधानी**
महापौर, बिलासपुर

# कोटा क्षेत्र में बाघिन और दो शावकों ने मचाया आतंक

हरिभूमि न्यूज, बिलासपुर। रविवार की सुबह कोटा वन परिक्षेत्र में बाघिन और दो शावकों के आतंक से पूरे ग्रामीण एरिया में दहशत का माहौल हो गया है। इस दौरान बाघिन और उसके शावकों ने वन विकास निगम के क्षेत्र में मवेशी का शिकार किया है।

पिछले कुछ दिनों से एक बाघिन अपने दो शावकों के साथ अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल के बजाय ग्रामीण एरिया में विचरण कर रही है। इसकी सूचना बिलासपुर वन मंडल के कोटा वन परिक्षेत्र के साथ वन विकास निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी दी गई है। तीन दिन में बाघिन व शावकों ने गांव के मवेशियों का शिकार भी करना शुरु कर दिया है। चार दिन पहले अचानकमार टाइगर रिजर्व के ग्राम करका में अपने दोनों शावको के साथ दिखाई दी बाघिन ने गाय का शिकार किया था। इसकी सूचना मिलने के बाद प्रबंधन ने तत्काल ग्रामीण एरिया में मुनादी कराने के साथ टीम को अलर्ट करने का आदेश जारी कर दिया। बाघिन के गाय का शिकार करने की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची अधिकारी और कर्मचारियों की टीम ने बाघिन व शावकों के पदचिन्हों से पुष्टि की। वहीं बाघिन व दोनों शावकों की खोजबीन करने के लिए मौके पर ट्रैप कैमरे भी लगा दिया गया है। बाघिन अपने शावकों के साथ माखुरहा तालाब के पास पानी पीने के लिए चहलकदम करते हुए दिखाई दी थी। रविवार की सुबह बाघिन और दोनों शावकों ने पटैता और नेवसा के पास कक्ष क्रमांक 133 में एक मवेशी का फिर शिकार किया है। सूचना मिलते ही वन विकास निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर बाघिन और दोनों शावकों के पग मार्क को चेक किया, जिसके बाद इसकी पुष्टि की गई। फिलहाल बाघिन और दोनों शावक वर्तमान में कोटा परिक्षेत्र के आसपास भटक रहे हैं, जिसके कारण ग्रामीणों को भी घर से बाहर नहीं निकलने का अनुरोध किया जा रहा है।



किया मवेशी का शिकार



- एटीआर प्रबंधन ट्रैप कैमरा लगाकर करेगा निगरानी, स्टाफ को किया गया अलर्ट

### लगातार रखी जा रही निगरानी

बाघिन और दो शावक पहले पटैता के पास थे, इसके बाद नेवसा बीट के आसपास उनका मूवमेंट देखा गया है। बाघिन और दोनों शावकों का मूवमेंट देखने के लिए ट्रैप कैमरा लगाने कहा गया है, इस दौरान मौके पर अलर्ट रहने के साथ ग्रामीण एरिया में मुनादी भी कराई जा रही है।

**- सत्यदेव शर्मा,** डीएफओ, वन विकास निगम

# हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को मातृशोक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की माता कुसुम सिन्हा का 15 फरवरी को प्रातः 1:30 बजे 84 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही न्यायिक, प्रशासनिक एवं सामाजिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत आत्मा की अंतिम यात्रा रविवार की दोपहर 1:00 बजे चीफ जस्टिस के आधिकारिक निवास (बंगले) से प्रस्थान की। अंतिम संस्कार सरकण्डा मुक्तिधाम, बिलासपुर में किया गया। यहां शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा विजय शर्मा की ओर से पुष्पांजलि अर्पित की गई।



- सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया अंतिम संस्कार

शोकसभा में उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री, न्यायिक एकेडमी, राज्य विधिक सेवा में पदस्थ न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों, विभिन्न जिला न्यायालयों के प्रधान जिला न्यायाधीश व न्यायिक अधिकारियों, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### निजी भवनों में संचालित राशन दुकानों को भवन देने की तैयारी

# गांव की 50 राशन दुकानों को मिल सकेगी अपनी छत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में किराए या निजी भवनों में विगत लंबे समय से संचालित हो रही राशन दुकानों को अपनी छत मिल सकेगी। जिला पंचायत प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित करीब 50 राशन दुकानों के लिए भवन बनाने की तैयारी की जा रही है। भवन निर्माण मनरेगा की फंडिंग से किया जाएगा।

- मनरेगा की फंडिंग से बनाया जाएगा भवन

विगत लंबे समय से भवन की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण क्षेत्रों में किराए या उधार के भवनों में संचालित राशन दुकानों के लिए स्वयं का भवन उपलब्ध कराने की तैयारी चल रही है। जिले में कुल 697 राशन दुकानें संचालित हैं, जिनमें 496 ग्रामीण एवं 201 शहरी हैं। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर पीडीएस राशन दुकानें किसी न किसी सरकारी बिल्डिंग में ही संचालित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत सरपंचों के द्वारा गांव में उपलब्धता के हिसाब से राशन दुकानों में पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, अतिरिक्त कक्ष या अन्य खाली भवनों में संचालित करने की व्यवस्था करा दी गई है। इसके बाद भी ऐसे भवन जिन्हें शासकीय भवन नहीं मिल सका है, उनके लिए अब स्वयं की बिल्डिंग तैयार की जाएगी। जिला पंचायत प्रशासन द्वारा हाल ही में खाद्य विभाग से ऐसी राशन दुकानों की सूची मांगी गई थी, जिनके पास स्वयं के भवन नहीं हैं। इनमें से करीब 50 दुकानों के लिए मनरेगा की फंडिंग से भवन तैयार करवाकर दिया जाएगा।

### नहीं होगी खाद्यान्न की बर्बादी

वर्तमान में निजी भवनों में संचालित राशन दुकानों में भवन की स्थिति जर्जर होने की दशा में कई दुकानों में न केवल सीलन की शिकायत देखी जाती है, बल्कि बारिश के दिनों में कहीं-कहीं छत से भी पानी टपकता है। ऐसी दुकानों में भवन मालिक के द्वारा सुधार के लिए कोई दिलचस्पी नहीं लेने एवं किराए का भवन होने के कारण राशन दुकान संचालकों द्वारा सुधार नहीं करा पाने के कारण दुकान पर रखा खाद्यान्न भी अनावश्यक रूप से खराब होता है, जिससे दुकानदारों का नुकसान होता है। स्वयं का भवन मिल जाने के बाद खाद्यान्न खराब होने जैसी शिकायत समाप्त हो जाएगी।



### शहर की ज्यादातर दुकानें किराएदार

नगरीय निकायों के अंतर्गत शहर के भीतर करीब 201 राशन दुकानें संचालित हैं, जिनमें 80 प्रतिशत दुकानें किराए के भवनों में ही संचालित हैं। फंडिंग की कोई व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण राशन दुकान संचालकों को किराए के भवनों से ही काम चलाना पड़ रहा है। कई वार्डों में जर्जर भवनों से खाद्यान्न खराब होने की भी शिकायत है, जिसका विरोध कार्डधारियों के द्वारा किया भी जाता है, लेकिन दुकान संचालकों की भी अपनी मजबूरियां हैं।

### बनाए जा रहे भवन

मनरेगा की फंडिंग से ग्रामीण क्षेत्रों की करीब 50 से भी अधिक राशन दुकानों के लिए भवन निर्माण कराया जा रहा है।

**- संदीप कुमार अग्रवाल,** सीईओ जिला पंचायत

### सूची भेज दी गई है

जिला पंचायत प्रशासन द्वारा ऐसी राशन दुकानों की सूची मांगी गई थी, जिनके पास स्वयं के भवन नहीं हैं। सूची भेज दी गई है।

**- अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक

MARK OF EXCELLENCE

अनुभवी एक्सपर्ट्स द्वारा मस्तिष्क की जटिल समस्याओं का समाधान




- अल्जाइमर रोग
- माइग्रेन (बार-बार चक्कर आना)
- साईटिका
- पैरालिसिस लकवा (स्ट्रोक)
- मिरगी रोग
- पार्किंसन्स
- नसों की दिक्कत
- सिर दर्द
- स्पाइनल कॉर्ड
- माँसपेशियों की कमज़ोरी
- शरीर में कम्पन
- मल्टीपल स्क्लेरोसिस (एमएस)
- मायस्थेनिया ग्रेविस
- मानसिक बीमारी (ब्रेइन्फेक्शन)
- मस्तिष्क रक्तस्राव (ब्रेन हैमरेज)

• EEG • EMG • NCV की सुविधा

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com

AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### स्कूलों में मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया



**बिलासपुर।** परम पूज्य संत आसाराम बापू के आश्रम सेंदरी में 14 फरवरी को भव्य मातृ पितृ पूजन दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ो माता-पिता बच्चे सहित कार्यक्रम में शामिल हुए, सेवाधारी भाई बहनों के द्वारा अनेक स्कूल, कालोनियों में जाकर मातृ पितृ पूजन करवाने का संकल्प लिया गया। ग्राम कडरी सरस्वती शिशु मंदिर जयरामनगर, प्राथमिक शाला चकरभाठा, ज्ञानोदय विद्या मंदिर चकरभाठा, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी रमतला, बंगाली उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेलवे कॉलोनी, लोकनाथ विहार आर के नगर, संजय हाइट जबड़ापारा प्रयास एकेदमी स्कूल मोपका सहित विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### एनएसएस के शिविर में की गई बौद्धिक चर्चा

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन व्यक्तिगत कौशल का विकास एवं नेतृत्व गुण विषय पर बौद्धिक चर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. वेदांश मिश्रा, अंबुज द्विवेदी, अनुज कुमार द्विवेदी, शशांक साहू, पीयूष सिंह एवं अभिषेक शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. वेदांश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत करती है। उन्होंने बताया कि एनएसएस विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समाज सेवा के माध्यम से ही व्यक्तिगत कौशल का समग्र विकास संभव है, जो जीवन में सफलता का आधार बनता है। अभिषेक शर्मा ने कहा कि यह वाक्य स्वयंसेवकों की निस्वार्थ सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। यह विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहयोग और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करता है। अनुज कुमार द्विवेदी ने कहा कि सभी स्वयंसेवकों के भीतर सीखने की प्रबल ललक दिखाई देती है, जो भविष्य में उत्कृष्ट परिणाम देने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एलके गवेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### पुलवामा के शहीदों को स्काउट गाइड ने दी सलामी



**बिलासपुर।** 14 फरवरी को पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में सीएमडी कॉलेज के पास स्थित वीर जवान चौक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ बिलासपुर के स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों, जिले एवं राज्य के पदाधिकारियों तथा नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बलिदानी सैनिकों, पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर सैनिक परिवारों ने भावुक होकर आयोजकों का आभार जताया। कार्यक्रम में डिप्टी कमांडेंट अजय कुमार सीआरपीएफ, संजय पांडे ग्रुप सेंटर बिलासपुर, अरविंद सिंह 30वीं बटालियन डॉग कोर्स, सेवानिवृत्त सैनिक अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह राणा, सेवानिवृत्त सैनिक अधिकारी विनीत सिंह, इंस्पेक्टर अजय सिंह सीआरपीएफ एवं कुश चौहान उपस्थित रहे। भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा ने कहा कि शहीदों का बलिदान राष्ट्र के लिए अमूल्य है और युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश सेवा की भावना अपनानी चाहिए, स्काउट-गाइड आंदोलन को राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए युवाओं से अनुशासन, सेवा और समर्पण का मार्ग अपनाने का आव्हान किया। देशभक्ति गीतों एवं नृत्यों के साथ आयोजित यह कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एवं स्काउट्स जिला संघ बिलासपुर सहायक राज्य आयुक्त भूपेंद्र शर्मा, संयुक्त राज्य सचिव बीना यादव, एलटी स्काउट देवव्रत मिश्रा, जिला संगठन आयुक्त स्काउट महेंद्र बाबू टंडन, जिला संगठन आयुक्त गाइड डॉ.पूनम सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट संतोष त्रिपाठी, शत्रुघन सूर्यवंशी, राजेन्द्र कौशिक, अनिल सोनवानी, विकास लहरे, विराज महाकुंड, शशांक विश्वकर्मा, निखिल सिंह, सूर्यकांत खूंटे, उदयनरायण जगत व गाइडर के रूप में अपर्णा सारखेल, रश्मि तिवारी, रत्ना कश्यप, संध्या तिवारी, सुयश दुबे, मधुराजे सिंह, अनीता दान, देवकिरण साहू, शकुन चौहान, डॉ.शीला शर्मा, निधि कश्यप, निशा साहू, कौशल्या साहू जिले के स्काउट्स गाइड्स, रोवर रेंजर, स्काउटर गाइडर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### काव्य गोष्ठी में किया गया रचनाओं का पठन



**बिलासपुर।** साहित्य समिति की मासिक काव्य गोष्ठी समिति के अध्यक्ष बल्लू दुबे के निवास स्थान गंगा विष्णु भवन गोंडपारा में आयोजित की गई। समिति की यह 269वीं गोष्ठी थी। विगत 23 वर्षो से निरंतर प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें ऋतु, त्योहार, देश-काल संवेदना से ओत-प्रोत रचनाओं का पठन किया जाता रहा है। गोष्ठी में कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि केवल कृष्ण पाठक तथा मुख्य अतिथि विजय तिवारी रहे। संचालन हरबंश शुक्ल ने किया। दिनेश्वर राव जाधव, राकेश कुमार खरे, एनके शुक्ल, बल्लू दुबे, मयंकमणि दुबे, बुधराम यादव, अमृतलाल पाठक, शैलैन्द्र गुप्ता, केवल कृष्ण पाठक, हरबंश शुक्ल ने अपनी रचनाओं का पठन तथा आभार व्यक्त एवं जानकारी हरबंश शुक्ल ने किया।

**22 फरवरी को होगी परीक्षा** | **सीजीपीएससी में सख्त गाइड लाइन और ड्रेस कोड लागू**

# गहरे रंग के कपड़े और ऊंची हील पहनकर आए तो नहीं मिलेगी एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 22 फरवरी को होगी। इसके लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) ने बिलासपुर, रायपुर सहित प्रदेश के सभी 33 जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए हैं। पहले की तरह इस बार भी सख्त गाइड लाइन जारी की गई है। स्मार्टवाच से लेकर अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आना होगा। काले, गहरे नीले, हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी या गहरे चाकलेटी रंग के कपड़े प्रतिबंधित रहेंगे।

आयोग के अनुसार परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली में जनरल स्टडीज की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक व दूसरी पाली में एप्टीट्यूड टेस्ट दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक होगा। अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.psc.cg.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। आयोग ने परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें जिन अभ्यर्थियों के नाम, सरनेम या फोटो में पहचान पत्र से भिन्नता होगी, उन्हें नाम परिवर्तन संबंधी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। परीक्षा केंद्र में केवल लेबल रहित पारदर्शी पानी की बोतल, प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट, मूल फोटो पहचान पत्र (मतदाता पहचान पत्र/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/पैन कार्ड/आधार कार्ड या ई-आधार) तथा काले या नीले बाल पेन की अनुमति होगी।

■ महिलाएं सिर्फ नोज पिन और मंगलसूत्र पहन सकेंगी



#### मैकेनिकल या स्मार्टवाच प्रतिबंधित

आयोग के मुताबिक यदि प्रवेश पत्र पर फोटो अस्पष्ट हो तो दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। साथ ही किसी भी प्रकार की घड़ी (मैकेनिकल या स्मार्टवाच) पहनने की अनुमति नहीं होगी। जूते, मोटे सोल या ऊंची हील वाले फुटवियर वर्जित हैं। केवल पतले सोल वाली चप्पल या स्लीपर पहनकर आने से ही प्रवेश मिलेगा। मोबाइल, कैलकुलेटर, लाग टेबल, पेजर, स्मार्टवाच या अन्य किसी भी संचार साधन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केंद्र में जैमर लगाए जाएंगे, ताकि किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि रोकी जा सके।

#### डिजाइनर कपड़े पहनने की अनुमति नहीं

उम्मीदवारों को कार्गो या डिजाइनर कपड़े पहनने की अनुमति नहीं होगी। सामान्य जींस या पैंट पहन सकते हैं। महिला अभ्यर्थी सलवार-कुर्ती (आधी बांह), साड़ी के साथ आधी बांह का ब्लाउज पहन सकती हैं। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण वर्जित हैं। विवाहित महिलाओं को केवल एक नोज पिन और एक मंगलसूत्र की अनुमति होगी। दिव्यांग अभ्यर्थियों को यदि सहलेखक की अनुमति संबंधित जिला कार्यालय से प्राप्त है तो सहलेखक को भी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। चिकित्सकीय कारणों से जूते या उपकरण पहनने की आवश्यकता होने पर गहन जांच के बाद अनुमति दी जाएगी।

#### समय से पहले पहुंचे अभ्यर्थी

सभी अभ्यर्थियों को प्रत्येक पाली में परीक्षा शुरू होने से कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है। परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पहले मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा समाप्त होने से पहले किसी भी अभ्यर्थी को केंद्र छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। चिकित्सा आपात स्थिति में विशेष निगरानी में ही बाहर ले जाया जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित सामग्री के अतिरिक्त अन्य कोई वस्तु साथ लाने पर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी। परीक्षा प्रक्रिया के दौरान आवश्यकतानुसार तलाशी भी ली जा सकती है। सीजीपीएससी ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचे और परीक्षा को शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित बनाने में सहयोग करें।

**डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय में लोक में राम की अनुपम छटा**

# राम भजनों से भक्तिमय हो उठा वातावरण



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।



नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

विश्वविद्यालय में आयोजित रमन लोक कला महोत्सव लोक में राम के तीसरे दिन पूरा परिसर रामनामी समुदाय के राम भजनों से भक्तिमय हो उठा। देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान राम के जीवन को सजीव कर दिया।

असम से आईं सविता साइकिया एवं साथियों ने अंकिया नाट की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। ओडिशा से आए ध्यानानंद पंडा और दल ने सिंगारी नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया। रायपुर से आईं ममता अहर ने वैदेही शीर्षक से एकल अभिनय प्रस्तुत किया। वहीं सरायकेला से आए रंजीत आचार्य एवं उनके साथियों ने छऊ नृत्य की अद्भुत छटा बिखेरी। छत्तीसगढ़ की धरती पर देशभर से आए कलाकारों ने लोक में राम की परंपरा को जीवंत रूप दिया। रमन लोक कला महोत्सव के अंतर्गत विश्वभर में रह रहे छत्तीसगढ़िया प्रवासियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम वर्चुअल मंच पर संपन्न हुआ, जिसमें 26 देशों से लोगों ने सहभागिता की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने कहा कि कला और संस्कृति मनुष्य को मनुष्य बनाए रखती है। यही करण है की हमने कला और संस्कृति के लिए विश्व रंग जैसे आयोजन किए हैं, ताकि भारतीय भाषाओं को भारतीय कला संस्कृति को वैश्वीक मंच पर स्थापित किया जा सके। कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ संस्कृति एवं संग्रहालय विशेषज्ञ अशोक तिवारी ने किया तथा संचालन डॉ. शालिनी पांडे ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि बाहर रहकर भी छत्तीसगढ़ी संस्कृति को संजोए रखने वाले सभी प्रवासी वास्तव में हमारी भाषा और संस्कृति के राजदूत हैं। उन्होंने सभी का आभार प्रकट, कार्यक्रम का संचालन डॉ ज्योति बाला गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विवि की संकुलपति डॉ.जयति चटर्जी आदि उपस्थित रहे।

#### वर्तमान समय में भाषा की चुनौतियां

प्रथम वक्ता वरिष्ठ भाषाशास्त्री डॉ.सुधीर शर्मा रायपुर ने कहा कि हर काल में भाषा को चुनौतियां मिली हैं। इंटरनेट और वैश्वीकरण के दौर में अंग्रेजी के बढ़ते प्रभाव से हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाएँ प्रभावित हो रही हैं। द्वितीय वक्ता प्रोफेसर चितरंजन कर ने कहा कि भाषा परंपरागत धरोहर है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी चलती है। मनुष्य ने भाषा को नहीं गढ़ा, बल्कि भाषा ने मनुष्य को गढ़ा है। संवाद से ही समाधान निकलता है, इसलिए मातृभाषा का सम्मान आवश्यक है। तृतीय वक्ता डॉ. विश्वासी एक्का अंबिकापुर ने कहा कि भाषा वह सुसंगठित माध्यम है, जिसके द्वारा मनुष्य अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करता है।

#### लोगों ने अपनी बातों को किया साझा

अर्जेंटीना में रह रहीं शोभा मंढरिया ने कहा कि वे अपने घर और दिनचर्या में छत्तीसगढ़िया संस्कृति को जीवित रखे हुए हैं, यही उनकी संतुष्टि का आधार है। लंदन में रह रहे मनीष तिवारी ने कहा कि हम कहीं भी रहें, अपनी माटी, गांव और राज्य हमेशा दिल में बसते हैं। नीदरलैंड में रह रहे जांजगीर के मनीष पांडे ने छत्तीसगढ़ी साहित्य, भाषा और पठन-पाठन पर विस्तार से बात की। न्यूयॉर्क में निवासरत विभाश्री साहू ने अपने विचार व्यक्त की।

#### विवि बन गई है कोटा की पहचान : अटल

मुख्य अतिथि कोटा विधानसभा के विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि पहले डॉक्टर सीवी रमन विश्वाविद्यालय की पहचान कोटा क्षेत्र के कारण होती थी। अब कोटा की पहचान डॉ.सीवी रमन विश्वाविद्यालय के कारण होती है। कोटा की धरती पर देश की विविध लोक परंपराओं का संगम होना गौरव की बात है।

#### जीवन का अभिन्न अंग हैं कला संस्कृति : घोष

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि कला संस्कृति जीवन का अभिन्न अंग होता है और हमें इसे ही ऊर्जा मिलती है। हम सबको अपनी संस्कृति और कला पर गर्व होना चाहिए।





## समिति ने की महानगरों तक सीधी उड़ान की मांग, सरकार करे पहल

**बिलासपुर।** बिलासा एयरपोर्ट से देश के 4 महानगरों तक सीधी सड़क की सेवा शुरू की जाए। उड़ान योजना में इन रूटों के लिए हवाई मार्गों को शामिल कर केन्द्र सरकार टेंडर कर सकती है। इसके लिए 3 साल के लिए रूट भी दिया जाए। जिससे क्षेत्र का विकास और विस्तार सुनिश्चित हो सकेगा।

हवाई संघर्ष समिति द्वारा महानगरों तक हवाई सुविधा शुरू करने की मांग की जा रही है। राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा हवाई मार्ग पर एयरलाइंस का चयन कर 3 साल के लिए मार्ग सौंपने पर उड़ान योजना का फायदा होगा। इन 3 वर्षों में टिकट किराए में सब्सिडी मिलती है साथ ही एयरलाइंस के रूट पर अन्य एयरलाइंस को उड़ान की अनुमति नहीं होगी। इस योजना के तहत कोई हवाई मार्ग मिलने पर एयरलाइन कंपनी के लिए लंबे समय तक विमान संचालन करना और लाभ की गारंटी होना महत्वपूर्ण बिंदु है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने पुरानी उड़ान योजनाओं के बारे में कहा कि समय रहते बिलासपुर से अच्छे मार्ग नहीं जोड़े गए बिलासपुर को पर्याप्त फायदा नहीं हो सका है। समिति ने दिल्ली- बिलासपुर से हैदराबाद- बिलासपुर से वाराणसी -बिलासपुर से जयपुर- बिलासपुर से मुंबई - बिलासपुर से पटना आदि मार्गों को उड़ान की नई योजना में शामिल करने की मांग की है। बिलासपुर सांसद और केंद्र में राज्य मंत्री श्री तोखन साहू से इसके लिए आग्राह किया गया है।

हवाई सुविधा जल संघर्ष समिति का महाधरने में रवि बनर्जी, अनिल गुलहरे, बद्री यादव, राशिद बख्श, नारद श्रीवास, प्रदीप राही, संतोष पीपलवा, चित्रकांत श्रीवास, पूर्व महापौर रामशरण यादव,गौरव एरी, मोहन जायसवाल,परसराम कैवर्त, बद्री प्रसाद कैवर्त, शिरीष कश्यप, मोहम्मद शाहनवाज, मनोज तिवारी,सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।

## प्रगतिशील स्वर्णकार समाज के सकरी स्थित भवन पर कब्जा



**बिलासपुर।** प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज की अतिआवश्यक बैठक उपाध्यक्ष श्री नरेंद्र सोनी के निवास पर आयोजित की गई थी, जिसमें समाज के सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे एवं सकरी स्थित सामुदायिक भवन में नर्मदा नगर निवासी अभिषेक कुमार पिता बीपी द्वारा कब्जा किए भवन को शासन द्वारा मुक्त नहीं कराने पर उग्र आंदोलन करने पर विचार किया गया। यह जमीन स्व.रमाकांत सोनी के द्वारा दान की गई थी। जमीन पर भवन बनाने के लिए तत्कालीन विधायक राजू क्षत्री ने 5 लाख दिया गया था। भवन निर्माण का काम जनपद पंचायत सकरी द्वारा किया गया। बैठक में इस पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया कि पुनः सकरी स्थित सामुदायिक भवन का शासन के द्वारा सीमांकन कराया जाय और भूमि भवन के कब्जे को छुड़ाया जाए प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज के सामुदायिक भवन और भूमि में वापस कब्जा किया जाए। इस बैठक में अध्यक्ष नंदू सोनी सहित नरेंद्र सोनी, वेद सोनी, अनुप सोनी, अमरनाथ सोनी, सीएल सोनी , पूर्व अध्यक्ष कामता सोनी, राकेश सोनी हेमंत सोनी, हरि पोतदार, पवन सोनी, अनिल सोनी, दीपक सोनी, रामेश्वर सोनी, पुरुषोत्तम सोनी, अजय सोनी, राजेंद्र सोनी, रुद्रनारायण सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पं.देवकीनंदन दीक्षित की पुण्यतिथि में दान दाता सम्मान समारोह

**बिलासपुर।** 14 फरवरी पं.देवकीनंदन दीक्षित की पुण्यतिथि में कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज एवं नगर पालिक निगम के संयुक्त तत्वावधान में दान दाता सम्मान समारोह देवकीनंदन चौक में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी थी। संयोजक अनिल तिवारी एवं चन्द्रप्रदीप बाजपेयी ने दीक्षित जी के विषय में एवं उनके द्वारा दिए गए दान जो वसीयत के रूप में नगर पालिक निगम बिलासपुर को अपनी पूरी संपत्ति सौंप दी थी के संबंध में जानकारी दी। समाज के अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने महापौर को एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें वसीयत के अनुसार ट्रस्ट का पुर्नगठन कर उसमें ट्रस्टी के रूप में समाज के पदेन अध्यक्ष व सचिव को रखे जाने तथा सीपत में ग्राम कारीछापर की 77 एकड़ भूमि को उनकी वसीयत के इच्छानुसार बालिका छात्रवृत्ति हेतु नीलामी की जाए न कि उसका अन्य उपयोग किया जाए। महापौर पूजा विधानी ने कहा कि ऐसे दानवीर दीक्षित के चरित्र व उनके द्वारा दिए गए सर्वस्व दान का उदाहरण सीखने पढने के लिए पाठ्यक्रम में रखा जाना चाहिए। उनकी वसीयत अनुसार ही सभी कार्य होंगे। वे उनकी प्रतिमा मुक्तिधाम सरकंडा में लगाने तथ देवकीनंदन चौक की प्रतिमा में सीढी की व्यवस्था तत्काल करेंगी। इसी प्रकार देवकीनंदन औषधालय में डाक्टरों व दवाईयों की व्यवस्था भी सुनिश्चित करेंगी। इस अवसर पर विकलांग चेतना परिषद के द्वारा दिव्यांगो के लिए किए जाने वाले कार्यो हेतु राजेन्द्र अग्रवाल, मदन मोहन अग्रवाल, डीपी गुप्ता व राजू सुल्तानिया को दानदाता सम्मान के साथ सम्मानित किया गया। इसी तरह एक नन्हा पर्यावरण संरक्षण के रूप मे 8 वर्षीय अद्विक मिश्रा को एवं छत्तीसगढ की धरोहर को लिपीबद्ध करने वाली 82 वर्षीय मंजू मित्रा को भी दानदाता सम्मान से नवाजा गया। छत्तीसगढी ब्राम्हण परिषद के अध्यक्ष डॉ.प्रदीप शुक्ला ने अपने सहयोगियों के साथ आयुर्वेद औषद्यालय में निशुल्क सेवा देने हेतु घोषणा की तथा पूर्व विधायक चन्द्रप्रकाश बाजपेयी ने भी पंडित दीक्षित की वसीयत पर नगर निगम को अमल करने की बात रखी।





दयानंद तीर्थानी ने भी अपनी बात रखी व पंडितदीक्षित को याद किया कार्यक्रम में सचिव राजेश शुक्ला ने आभार प्रगट किया। समारोह में ज्ञान अवस्थी, प्रभात मिश्रा, राकेश शर्मा, कृष्ण मोहन पाण्डेय, देवी शुक्ला, चन्द्रप्रकाश बाजपेयी, गोड़पारा एसएन बाजपेयी, दिव्यप्रकाश दुबे, योगेश तिवारी, भागवत, शरद मटोलिया, जगदीश प्रीत वाणी, विनोद तिवारी, मृदुला अवस्थी, लता मिश्रा व बड़ी संख्या में सर्व ब्राम्हण समाज के लोग उपस्थित रहे।

## नर्सिंग देव इलेवन ने जीता चैम्पियनशिप का खिताब

**बिलासपुर।** यादव प्रीमियर लीग सीजन एक के फाइनल मुकाबले में नर्सिंग देव इलेवन ने मैच जीतकर चैम्पियनशिप का खिताब हासिल कर लिया है। फाइनल मैच नर्सिंग देव इलेवन एवं बोल बम इलेवन के मध्य खेला गया, जिसमें नर्सिंग इलेवन ने जीत हासिल की।

वहीं उप विजेता टीम बोल बम इलेवन की टीम रही। मैन ऑफ द सीरीज नर्सिंग इलेवन के अश्वनी यादव, बेस्ट बेटर बोल बम के राहुल यादव, बेस्ट बॉलर मनीष यादव, बेस्ट फील्डर बंटी यादव रहे। प्रथम पुरस्कार 51000 रूपए नकद एवं कप विनीत यादव द्वारा, दूसरा इनाम 31000 हजार रुपए व कप विशाल सिंह ने प्रदान किया। मैन ऑफ़ द सीरीज स्पोर्ट्स सायकल कमल सिंह एवं अनिल दुबे सैदा सरपंच ने प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, अध्यक्षता भूपेंद्र स्वन्नी अध्यक्ष क्रेडा, विशिष्ट अतिथि सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा, पूजा विधानी महापौर बिलासपुर, विजय केशरवानी पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस ग्रामीण, टीम ऑनर विष्णु यादव, संजय यादव, अमित यादव, नंदू यादव, आशीष यादव, अमर यादव, सुदीप यादव, अखिलेश यादव, रेवती यादव, डॉ.राजेश यादव, राजीव यादव, राहुल यादव, सत्या यादव, टीकाराम यादव, नंदकिशोर यादव, राजकुमार यादव, आकाश यादव, शुभम यादव, सागर यादव, विकास यादव, ओंकार यादव, राज यादव, राजू यादव, विजेता टीम नृसिंह के धनंजय यादव, अनिल यादव, उपविजेता टीम के खगेश यादव, संचालक शैलेन्द्र यादव, शरद यादव, विजय यादव, दीपक यादव, छोटू यादव, आकाश यादव, सीएमडी जीतू यादव, मंजीत यादव, भोला यादव, विक्की यादव, आयुष यादव, तरुण यादव, देवेंद्र यादव, आशीष यादव, राजा यादव, विलास यादव, पुकार यादव, सन्नी यादव, अवि यादव, वीके यादव, रंजीत यादव, सतेन्द्र यादव, सुजल यादव, शुभ यादव, यश यादव, नमन यादव, एवं समस्त कृष्ण सेना यादव समाज उपस्थित थे।





## इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल विभाग की बीच फाइनल मुकाबला आज

**बिलासपुर।** रेलवे एनईआई मैदान में चल रही अंतर विभागीय प्रतियोगिता में इंजीनियरिंग विभाग की टीम को हराकर मैकेनिकल विभाग की टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है। रेलवे के नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के तत्वाधान में अंतर विभागीय खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

महोत्सव में फुटबॉल का प्रथम सेमीफाइनल मैच मैकेनिकल विभाग और इंजीनियरिंग विभाग के मध्य खेला गया। यह मैच मेकेनिकल विभाग ने 1-0 के स्कोर से जीत लिया, मैन आफ द मैच का पुरस्कर मैकेनिकल विभाग के पी संतोष राव को दिया गया। दूसरा सेमीफाइनल मैच इलेक्ट्रिकल विभाग एवं परिचालन विभाग के मध्य खेला गया। इलेक्ट्रिकल विभाग ने यह मैच 3-1 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। इस अवसर पर लाइब्रेरी इंचार्ज श्रीराम यादव, आफिस इंचार्ज एस रघुराम सहित बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी मौजूद थे।



#### फाइनल मुकाबला व समापन आज

सोमवार की शाम 5.30 बजे प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला जाएगा। इससे पूर्व तीसरे स्थान के लिए इंजीनियरिंग विभाग एवं परिचालन विभाग के मध्य होगा, जिसके उपरांत रेलवे के रिटायर कर्मचारियों जो 60 वर्ष से अधिक हैं उनके दो टीमों महाकाल स्पोर्टिंग क्लब बाबजी एवं एकता स्पोर्टिंग क्लब केके राव के मध्य खेला जाएगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन के द्वारा फुटबाल के साथ कैरम, चैस, टेबल टेनिस, तैराकी, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वालीबाल एवं एथेलेटिक्स खेलो के लिए पुरस्कार प्रदान करेंगे। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ मंडल खेल अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग सिंह एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ.अंशुमान मिश्रा भी उपस्थित रहेंगे।

हरिभूमि
बिलासपुर, सोमवार 16 फरवरी 2026
लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

## पीतांबरा पीठ में रुद्राभिषेक, आज रुद्राक्ष वितरण

सरकंडा स्थित पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में प्रातः 5 बजे से अखंड रुद्राभिषेक प्रारंभ हुआ जो 16 फरवरी कि सुबह 5 बजे तक चलेगा। मंत्रोच्चार के साथ पूरी रात भगवान पारदेश्वर का रुद्राभिषेक किया गया।16 फरवरी को प्रातः नौ बजे से निशुल्क रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा।



# शिवालयों में भक्ति का सैलाब, दिनभर अभिषेक, रात भर आराधना

## निकली भोले की बारात, नए मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा, गूंजे घंटे-घड़ियाल, पीताम्बरा पीठ में आज रूद्राक्ष वितरण







**शहर में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। इस दिन भक्त भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की याद में व्रत रख भजन कीर्तन किया। मंदिरों में अभिषेक कर चार प्रहर की विशेष पूजा की गई। शिवलिंग पर जल, बेलपत्र, भांग और धतूरा चढ़ाया गया। शिव मंदिरों में सुबह से भीड़ लगी रही।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



महाशिवरात्रि 2026 का पर्व इस बार बेहद खास माना जा रहा है, क्योंकि इस दिन सर्वार्थसिद्धि योग का शुभ संयोग रहा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस योग में की गई भगवान शिव की पूजा से हर मनोकामना पूर्ण और जीवन की बाधाएं दूर होती है। फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को चार पहर में शिव पूजा का विशेष महत्व होता है। इसी महत्ता के चलते भक्तों ने व्रत रखकर शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र अर्पित कर मंत्र जाप, आरती व रुद्राभिषेक किया। चारों पहर की पूजा अलग-अलग शुभ मुहूर्त में की गई।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन ने कोकराझार में किया शिव पूजन



केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर असम स्थित कोकराझार प्राचीन देवाधिदेव महादेव मंदिर में दर्शन-पूजन कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश एवं देशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की तथा राष्ट्र की निरंतर प्रगति और सद्भाव के लिए प्रार्थना की।

## शिव अभिषेक व पूजा-अर्चना



अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने महाशिवरात्रि पर रानी मंदिर देव स्थान जूना शहर रतनपुर प्राचीन शिव मंदिर में भगवान का अभिषेक व पूजा पाठ किया। प्रसाद ग्रहण करने के बाद एक बैठक रखी गई। जिसमें आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा भी तैयार की गई। इस मौके पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, प्रांत महिला प्रमुख सुनीता मानिकपुरी, जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार घोष, उपाध्यक्ष मदन मोहन गुल्ला, जिला सचिव प्रदीप शर्मा, महिला अध्यक्ष शेफाली घोष, महिला उपाध्यक्ष प्रभा तिवारी, महिला सचिव पूनम शुक्ला, पर्यावरण प्रमुख रेखा गुल्ला, कार्यालय मंत्री सुमिता दास गुप्ता, सदस्य दुर्गा शर्मा, रोहिणी कुमार बैसवाड़े, राकेश निर्मलकर की उपस्थिति रही।



## रामा लाइफ नर्मदेश्वर शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा





रामा लाइफ सिटी सकरी में नव निर्मित नर्मदेश्वर शिव एवं शिव परिवार का भव्य मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। गतौरा वाले आचार्य मोहन पाठक के सानिध्य में मंदिर के पुजारी प्रवीण पाण्डेय द्वारा पूजा करवाई जा रही है। इसके तारतम्य में प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकली, जिसमें समस्त रामा लाइफ सिटी की मातृ शक्तियों ने हर्षोल्लास से भाग लिया। द्वितीय दिवस प्रथम पहर में नर्मदेश्वर स्वामी का जलाधिवास,पुष्पदिवास, फ़लधिवास अन्नाधिवाद का अनुष्ठान आचार्य के सानिध्य में सम्पन्न हुआ।





## 24 घंटे अखंड सामूहिक पूजा

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री श्री कोदंडा रामा एवं श्री कल्याण वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर एनई कॉलोनी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में 24 घंटे अखंड सामूहिक पूजा-अर्चना व भजन-कीर्तन आयोजित किया गया। साथ ही रात्रि 12 बजे से विशेष सामूहिक महा रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने मंदिर पहुंच पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया।

## नवसृजन का संदेश लेकर आती है शिवरात्रि : स्वाति





90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की बिलासपुर मुख्य शाखा राजयोग भवन में विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिव ध्वजारोहण कर भाई-बहनों को जीवन की बुराइयां छोड़ने और पवित्र जीवन जीने की प्रतिज्ञा कराई गई। राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि महाशिवरात्रि का पावन पर्व केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि आत्म-परिवर्तन और नवसृजन का दिव्य संदेश लेकर आता है। महाशिवरात्रि परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण का स्मृति पर्व है। यह पर्व हमें यह स्मरण कराता है कि जब-जब संसार में धर्म की ग्लानि बढ़ती है और मानव मूल्यों का पतन होता है, तब परमात्मा स्वयं इस धरा पर अवतरित होकर मानव को नई दिशा देते हैं। यही कारण है कि शिवरात्रि को सभी पर्वों में महान कहा गया है।

महाशिवरात्रि के अवसर पर मध्यनगरीय स्थित अष्टमुखी मंदिर में चिट्टु अवस्थी ने परिवार सहित पहुंचकर पूजा कर आशीर्वाद लिया।



## अभिषेक नगर के ओंकारेश्वर मंदिर में विशेष अभिषेक



महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शहर के सभी शिवधामों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हर-हर महादेव" और "जय भोलेनाथ" के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठे। इसी कड़ी में मंगला के अभिषेक नगर स्थित ओंकारेश्वर शिव मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक का आयोजन किया गया। तड़के सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे थे। किसी ने शिवलिंग पर जल अर्पित किया, तो किसी ने दूध और बेलपत्र चढ़ाकर भगवान भोलेनाथ से परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। ओंकारेश्वर शिव मंदिर में विशेष रुद्राभिषेक और महाआरती का आयोजन हुआ, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

## भोलेनाथ की भव्य बारात निकली

क्षत्रिय समाज द्वारा महाशिवरात्रि महापर्व के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक आस्था के साथ निकाली गई। विभिन्न आकर्षक झांकियों, गाजे-बाजे, भक्ति संगीत और नृत्य के साथ निकली इस बारात ने पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। यह आयोजन सनातन धर्म की प्राचीन परंपराओं, शिवभक्ति की अखंड धारा और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का सशक्त प्रतीक भी बना। बारात में भगवान जगन्नाथ, बांके बिहारी, वीर बजरंगबली, स्वामी विवेकानंद तथा भगवान बिरसा मुंडा सहित अनेक प्रेरणादायी झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इन झांकियों के माध्यम से सनातन धर्म की व्यापकता, विविधता और आध्यात्मिक विरासत का दर्शन हुआ।







## खबर संक्षेप

### रेल रोको आंदोलन करने पर की जाएगी कार्रवाई

**बिलासपुर।** वेंकटनगर और निगौरा स्टेशन में रेल रोको आंदोलन पर रेल प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है। जानकारी के अनुसार कुछ रेलवे स्टेशनों पर रेल रोको आंदोलन आयोजित करने का आव्हान किया गया है। इस संबंध में आम जनता, विशेषकर युवाओं को सूचित किया गया है कि रेल संचालन में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न करना, पटरियों पर बैठना, ट्रेन रोकना, रेलवे परिसरों में अनधिकृत प्रवेश करना अथवा रेलवे कर्मचारियों के कार्य में अवरोध उत्पन्न करना कानूनन दंडनीय अपराध है। रेलवे अधिनियम 1989 की विभिन्न धाराओं में धारा 174 (क) में जानबूझकर ट्रेन के संचालन में बाधा डालना, रेल रोको, पिकेटिंग, ट्रैक पर बैठना आदि में दोषसिद्धि होने पर अधिकतम 2 वर्ष तक कारावास सहित दंड का प्रावधान, धारा 147 में रेलवे परिसर में अनधिकृत प्रवेश अतिक्रमण आदि पर दंड का प्रावधान अधिकतम 6 माह का कारावास या जुर्माना, धारा 146 रेलवे सेवक के कार्य में बाधा डालने पर अधिकतम 6 माह का कारावास या जुर्माना, धारा 150 में ट्रेन को विद्वेषतः ध्वस्त करना या ध्वस्त करने का प्रयत्न किए जाने पर आजीवन कारावास या 10 वर्ष तक के सश्रम कारावास की सजा। धारा 151 में रेल सम्पत्ति को नुकसान या विनाश किए जाने पर 5 वर्ष तक के कारावास या जुर्माना लग सकता है।

### स्कूली ज्ञान के अलावा बच्चे अनुशासन का सीखते हैं पाठ

**कोरबा।** स्कूली जीवन को गोल्डन लाइफ कहा जाता है। स्कूल में बिताए दिन हमें हमेशा याद रहते हैं। स्कूल में पुस्तकीय ज्ञान के साथ बच्चा अनुशासन का पाठ भी सीखता है। उज्वल भविष्य के निर्माण में स्कूली शिक्षा एक मजबूत नींव होती है। अब कक्षा 12 वीं के बच्चे स्कूल के बाद अपना भविष्य गढ़ेंगे। उक्त बातें बीकन इंग्लिश मीडियम स्कूल सीएसईबी कोरबा पूर्व की प्राचार्य वाय ए नाथन ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा। विद्यालय में कक्षा 11वीं विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के सीनियर्स के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए स्वागत गीत व रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। उन्हें बुके व उपहार प्रदान किए गए। वरिष्ठ शिक्षकों ने विद्यार्थियों के लिए उद्बोधन देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में सीनियर्स के साथ शिक्षकों की आंखे भी नम हो गई। मंच संचालन कक्षा 11वीं के छात्र अयान खान, राकिया तस्लीम, जीतू सूर्यवंशी व अफसाना ने किया।

### पुलवामा में शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**गेवरा-दीपका।** 14 फरवरी को पुलवामा में अमर शहीद जवान को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अमर जवानों को दीपक जलाकर कलचुरी पब्लिक इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल दीपका के छात्रों के द्वारा डांस, भाषण, गीत, शायरी,के माध्यम से और सीआईसीएफ के जवान और पुलिस के जवान नगर पालिक दीपका के अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, अरुणीश तिवारी पार्षद दीपका नगर पालिका, सुशील तिवारी, प्रतिभा यादव प्राचार्य कलचूरी गजेंद्र राजपूत, राधेश्याम, रामीन यादव, माया प्रसाद कलचुरी स्कूल और अतिथिगण के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में सी.आई.सी.एफ. और पुलिस प्रशासन और गायत्री सोनी गायक को मोमेंटो के द्वारा सम्मानित किया गया।

## निधन

### पं. संतोष मिश्र

**बिलासपुर।** ग्राम खपरी (लौदा)



निवासी पं. संतोष मिश्र का 74 वर्ष की आयु में का 15 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 फरवरी की सुबह 10.30 बजे पं. देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा बिलासपुर में किया जाएगा। वे किशोर, नितिन, गोपी कृष्णा मिश्रा एवं कुसुम शुक्ला के पिता थे।

---

**लोगों की आस्था और सेहत के साथ सरेआम खिलवाड़**

# मनियारी नदी के अस्तित्व पर मंडराया संकट, गंदगी और कचरे से हो रही प्रदूषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

अपनी निर्मलता और कल-कल बहती धारा के लिए विख्यात मनियारी नदी आज प्रदूषण और उपेक्षा की शिकार होकर अपनी पहचान खोती जा रही है। नदी का पावन जल अब मांस के अवशेषों, मुर्गियों के पंखों, गंदगी और कचरे के कारण 'जहर' में तब्दील हो रहा है। आलम यह है कि जो नदी कभी जीवनदायिनी थी, उससे अब बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

नदी किनारे फेंके जा रहे मांस के लोथड़ों ने एक नई मुसीबत को जन्म दे दिया है। समाज सेवक कोमल सिंह ठाकुर ने बताया कि गंदगी के कारण नदी तट जानलेवा साबित हो रहा है। मांस के अवशेषों को झपटने के लिए बड़ी संख्या में गिद्ध वहां मंडराते रहते हैं। सुबह टहलने (मॉर्निंग वॉक) के लिए निकलने वाले राहगीरों पर ये गिद्ध सीधा हमला कर देते हैं। इस संबंध में पूर्व में भी शिकायतें की गई हैं, लेकिन प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं है।

**सब्जी की खेती और सेहत पर असर-** प्रदूषित जल का असर केवल नदी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों की थाली तक पहुंच रहा है। समाज सेवक संजय निर्मलकर ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बरेला और आसपास के अधिकांश किसान नदी के पानी से सब्जियों की सिंचाई करते हैं। मांस के सड़े हुए अवशेषों और पंखों से युक्त पानी न केवल निस्तारी करने वालों के लिए मुसीबत है, बल्कि यह जहरीला पानी पूरी खाद्य श्रृंखला को दूषित कर रहा है।







मनियारी नदी पर पसरी गंदगी, नदी किनारे फेंके गए मुर्गी के पंख।

### निर्भर हैं रहवासी

मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर अध्यक्ष बरेला नरेश पटेल ने कहा कि मनियारी नदी तट के रहवासी दैनिक कार्यों और स्नान के लिए पूरी तरह इस नदी के जल पर निर्भर हैं। इस पवित्र जलधारा को दूषित करना शाकाहारी समाज की भावनाओं पर सीधा प्रहार है। जन-स्वास्थ्य से ऐसा खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कार्रवाई आवश्यक

नदी में कचरा फेंकने वाले मांस व्यवसाई चोरी-छिपे इस कृत्य को अंजाम देते हैं। जब स्थानीय ग्रामीण उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं, तो वे विवाद और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। इसी दबंगई के डर से अधिकांश ग्रामीण अब आवाज उठाने से कतरा रहे हैं, जिसका फायदा प्रदूषण फैलाने वाले तत्व उठा रहे हैं। ऐसे तत्वों पर कार्रवाई आवश्यक हो गई है।

### खास बातें

जानलेवा हमलाः मांस के अवशेषों के लालच में गिद्धों का राहगीरों पर बढ़ता हमला।
**धार्मिक चोट**ः पवित्र नदी में मुर्गी के पंख और अपशिष्ट डालना आस्था का अपमान।
बीमारियों का घरः दूषित पानी से सिंचित सब्जियां कैंसर और पेट के गंभीर रोगों का कारण बन सकती हैं।
**सड़ांध का साम्राज्य**ः नदी तटों पर जमा पंखों के ढेर से उठती असहनीय दुर्गंध बढ़ा रही परेशानी।
**प्रशासन से मांग** :समाज सेवी संगठनों, नगर अध्यक्ष और प्रबुद्ध नागरिकों ने संयुक्त रूप से प्रशासन से मांग की है कि कचरा फेंकने वालों को चेतावनी देकर अवशेषों को वैज्ञानिक तरीके से नष्ट करने के निर्देश दिए जाए। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। नदी तटों पर नियमित सफाई और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

---



## आत्मानंद स्कूल मरवाही में हुई एनएसएस ए सर्टिफिकेट परीक्षा

भरींडांड़। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मरवाही द्वारा 14 फरवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना की ए प्रमाण-पत्र परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

परीक्षा का आयोजन संस्था प्रमुख शैलेंद्र अग्निहोत्री के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। इस परीक्षा में बाह्य परीक्षक के रूप में कार्यक्रम अधिकारी विकास वर्मा, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) पेंड्रा (प्रशिक्षण अधिकारी) उपस्थित रहे, जबकि आंतरिक परीक्षक के रूप में कार्यक्रम अधिकारी विनोद कुमार पोर्ते ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परीक्षा के सफल संचालन में विद्यालय के सहयोगी शिक्षकों आरके सोनवानी, स्नेहलता शुक्ला, प्रीति बारी सहित समस्त शिक्षक-समुदाय का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यालय के कुल 32 स्वयंसेवकों ने परीक्षा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न हुई।

## गांव के बच्चों को भी मिलेगा वैश्विक स्तर का मंच



सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते बच्चे।

**मस्तूरी।** छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल भटचौरा में रंगारंग वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक, छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी अजा अरविंद लहरिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष कांग्रेस देवेंद्र पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि मंचासीन रहे।

मुख्य अतिथि अरविंद लहरिया ने कहा कि आज गांव के बच्चे किसी से कम नहीं हैं। सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो यही बच्चे प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। शिक्षा ही वह शक्ति है जो भविष्य को नई पहचान देती है। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि मंच पर दिखी आत्मविश्वास और अनुशासन की झलक इस बात का प्रमाण है कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक नृत्य, समूह गीत और नाट्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा और आधुनिक थीम पर आधारित कार्यक्रमों ने समारोह को यादगार बना दिया। इस अवसर पर बहतरा सरपंच सुरेखा राकेश पटेल, मानिकचौरी सरपंच टिकेश्वरी रामायण साहू, लता भानु यादव, हेमलता दीपक बंजारे, रंजित कुर्रे, सुरेश पटेल और नागेश निषाद सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक , स्कूल स्टाफ सहित पालक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।




## विवेकानंद विद्या मंदिर में शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन

**बेलतरा।** स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर में शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया।

बच्चों ने अपने माता पिता का पूजा कर मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया। अभिभावकों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा भगवान गणेश, शंकर पार्वती का पूजा कर बैठक की प्रक्रिया को पूर्ण किया गया। शिक्षक-अभिभावक बैठक में विद्यार्थियों की मोबाइल उपयोग, आहार, स्वच्छता, अनुशासन, संस्कार, टेस्ट, बच्चो की उपस्थिति, बच्चो के परीक्षा पूर्व नॉमिनल प्रवेश पत्र, छात्रवृत्ति, जाती निवास आमदनी, अपार आई डी, शिकायत, सुझाव एवं आगामी शैक्षणिक योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अभिभावकों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए तथा विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था की सराहना की। आज के कार्यक्रम में अशोक तिवारी, रामबिहारी, नरेंद्र कुमार, मनीष कश्यप, परमेश्वर, जितेंद्र, सचिन, ग़जपाल सिंह, रानी साहू, सुनीता मरकाम, किमी पंद्रो, कौशल्या, निर्मला, पुष्पा, अललेश, मालती, संतोषी, कमला, आरती, शारदा, ऋतु, मोगरा, संध्या, नागेश्वर, चंद्रावती, प्रकाश, दीपांजलि सही समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## आत्मानंद स्कूल में वार्षिक उत्सव कल्चरल एग्जीबिशन का आयोजन




कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा मुंगेली में वार्षिक उत्सव, कल्चरल एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसएमडीसी अध्यक्ष रामशरण यादव ने समिति सदस्यों के साथ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं मातृ-पितृ पूजन के बाद प्राचार्य डा. आईपी यादव एवं शाला परिवार ने उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं बैच लगाकर स्वागत किया।

दोनों माध्यमों के प्राइमरी, मिडिल, हाई तथा हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक नृत्य एवं नाटक का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद के सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र, मेडल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन में पंकज मिश्रा, सांत्वना दत्ता एवं रूही फातिमा का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर एसएमडीसी के सक्रिय सदस्य दुष्यंत दुबे, डॉ. हीरालाल साहू, ममता जोशी, ममता पाटेले, वरिष्ठ पालक मोहित यादव, पालक-शिक्षक संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह राजपूत, जिला संयोजक एन.के. पुरले, संकुल समन्वयक नेमीचंद भास्कर, महादेव यादव, राजेन्द्र प्रसाद साहू, बृजभूषण परिहार, वंदिता गुप्ता, दीप्ति चतुर्वेदी, अमृता पात्रे, राहुल वर्मा, हरिशंकर गुप्ता, उमाशंकर साहू, दीपांजली सोनी, ललिता प्रसाद पाटले, सविता देवांगन, वीर सिंह सोनवानी, शबनम बानो, रंजिता केवट, संध्या कुजूर, रश्मि पांडेय, ज्योति जायसवाल सहित आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



## छात्राओं की समस्याओं को निबटाने लगा शिविर

**तखतपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के लंबित एमबीयू प्रकरणों को पूर्ण कराने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित इस शिविर का उद्देश्य छात्राओं के आधार से संबंधित अनिवार्य बायोमेट्रिक अद्यतन की प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराना था, ताकि अपार आई डी, छात्रवृत्ति, शासकीय योजनाओं एवं अन्य सुविधाओं के लाभ में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

विद्यालय परिसर में आयोजित शिविर में अधिकृत ऑपरेटरों द्वारा छात्राओं के फिंगरप्रिंट, आईरिस एवं फोटो अपडेट की प्रक्रिया पूर्ण किया जा रहा है। संख्या में छात्राओं ने शिविर में उपस्थित होकर अपने लंबित बायोमेट्रिक अद्यतन कार्य को पूर्ण कराया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य नरेंद्र राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में आधार से जुड़ी प्रक्रियाएं शासकीय योजनाओं का आधार बन चुकी हैं। यदि बायोमेट्रिक अपडेट समय पर नहीं कराया जाता है, तो छात्राओं को कठिनाई हो सकती है। शिविर में रश्मि मिश्रा, मिनाज खान,आपरेटर रवि मानिकपुरी के द्वारा प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है।

## आज से खुल जाएगा पोर्टल, 1500 सीटों पर होगा आरटीई में दाखिला

**बिलासपुर।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत जिले में पहली कक्षा की करीब सीटों पर इस वर्ष प्रवेश दिए जाएंगे। दरअसल नर्सरी स्तर समाप्त कर सीधे कक्षा पहली में प्रवेश व्यवस्था लागू होने से सीटों में करीब 65 प्रतिशत की कमी आई है। पहले 524 स्कूलों में 6 हजार के करीब सीटें थीं, जो इस वर्ष घटकर 1500 रह गईं हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार सीट निर्धारण यू-डायस में दर्ज छात्र संख्या के आधार पर हुआ है। पहले नर्सरी-केजी स्तर पर प्रवेश होता था, पर अब सीधे पहली में प्रवेश दिए जाने से कई स्कूलों में प्रमोटेड विद्यार्थियों से सीटें भर चुकी हैं। जिले के अधिकांश स्कूलों में केवल 1 से 5 सीटें उपलब्ध हैं। सीमित सीटों के कारण चयन की संभावना कम रहेगी। शिक्षा विभाग ने अभिभावकों से निर्धारित समयसीमा में आवेदन कर दस्तावेज पूर्ण रखने की अपील की है। ध्यान रहे कि शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश के दूसरे चरण में इन खाली सीटों को भरने की प्रक्रिया शुरू की जाती है। अभिभावक शिक्षा का अधिकार पोर्टल के माध्यम से इन सीटों पर आवेदन कर सकते हैं। अधिकारियों के मुताबिक दूसरे चरण के तहत आवेदन प्रक्रिया आमतौर पर जुलाई-अगस्त के आसपास शुरू होगी।

■ सीटों में करीब 65 प्रतिशत की कमी आई है

## सार्थक दिशा में काम कर रहा राज्य युवा आयोग

**बिलासपुर।** हिंदवी स्वराज के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के अद्वितीय जीवन, शौर्य, दूरदर्शी नेतृत्व और प्रजावत्सल शासन पर आधारित विश्व-प्रसिद्ध ऐतिहासिक महानाट्य जाणता राजा का तीन दिवसीय भव्य मंचन सांस्कृतिक इतिहास रचते हुए संपन्न हुआ।



पुलिस ग्राउंड में आयोजित इस विराट मंचन में लोकगीतों, ओजपूर्ण भजनों, प्रभावशाली संवादों, जीवंत अभिनय, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था और भव्य मंच सज्जा के माध्यम से प्रस्तुत इस महानाट्य ने लगातार लगभग तीन घंटे तक दर्शकों को भावविभोर बनाए रखा। प्रत्येक दृश्य पर दर्शकों की तालियां गूंजती रही। आयोजन ने यह संदेश दिया कि जब समाज अपने इतिहास और आदर्शों से जुड़ता है, तब उसकी सांस्कृतिक चेतना और भी सुदृढ़ होती है। मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित इस महानाट्य का भव्य मंचन यह सिद्ध करता है कि छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग का गठन पूर्णतः सार्थक दिशा में कार्य कर रहा है। युवा आयोग केवल आयोजन नहीं कर रहा, बल्कि शिवाजी महाराज के चरित्र, उनके सामाजिक उद्देश्य और राष्ट्रनिर्माण के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का ऐतिहासिक कार्य कर रहा है। ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और समाज में एकता की भावना को मजबूत करते हैं। विशिष्ट अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि हिंदवी स्वराज के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन आज भी भारत को पुनः विश्व नेतृत्व की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग द्वारा इस प्रकार का भव्य आयोजन करना सराहनीय पहल है, जिसने हमें इतिहास को जीवंत रूप में देखने का अवसर दिया। छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर ने कहा कि शिवाजी महाराज का जीवन हमें यह सिखाता है कि राजनीति का मूल उद्देश्य सत्ता नहीं सेवा है। जाणता राजा ने युवाओं को नेतृत्व का सही अर्थ समझाया है और समाज को यह संदेश दिया है कि संगठित समाज ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है। महानाट्य के माध्यम से शिवाजी महाराज के न्यायप्रिय शासन, नारी सम्मान, सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और स्वराज की अवधारणा को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। मराठा समाज, सर्व हिंदू समाज बिलासपुर तथा शिवाजी कंस्ट्रक्शन एंड टीम बिलासपुर सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर को स्मृति चिन्ह भेंटकर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### नाना के घर आया था मासूम नहर में डूबने से मौत

**कोरबा।** एक 9 साल का मासूम घूमने के लिए अपने नाना ने के घर आया हुआ था और अपने रिश्तेदारों के साथ नहाने के लिए नहर में गया हुआ था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और नहर के तेज बहाव में बह गया। नहर बच्चे के लापता होते ही उसके परिजनों द्वारा उसकी खोज शुरू की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस गोताखोरों के द्वारा लगातार उसकी खोजबीन की जा रही थी कि इस बीच शाम को उसका शव पड़ोसी जिले के नहर से बरामद कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कचोरा निवासी विष्णु कंवर का 8 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार कंवर कुछ दिनों पूर्व अपने नाना नानी के घर उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तरदा आया हुआ था।

### आम सूचना

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि दिनेश कुमार गोड़ आत्मज श्री तिरीथराम जाति गोंड़, निवासी ग्राम रमतला, तहसील व जिला-बिलासपुर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम नगोई, प.ह.नं. 26, रा.नि.मं. व तहसील तखतपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग. खसरा नं. 196/2 रकबा 0.4130 हेक्टेयर भूमि जिसकी चौहद्दी- उत्तर में मनोज गोंड़ की भूमि, दक्षिण में ईसाई की भूमि, पूर्व में भरत गोंड़ की भूमि, पश्चिम में-कोटा-तखतपुर, मुख्य मार्ग स्थित है, को मेरे कार्यार्थी दयाराम ठाकुर आत्मज श्री विदेशीराम, जाति-हलबा, निवासी-तंदुला नगर गंजपारा बालोद के पास विक्रय का पक्का सौदा कर बतौर अग्रिम धनराशि के रूप में 4,00,000/- (चार लाख रूपये) प्राप्त कर नोटरीयुक्त इकरारनामा दिनांक 28.07.2025 को निष्पादित किया है, उसके बावजूद उपर्युक्त वर्णित भूमि को दिनेश कुमार गोंड़ पुनः किसी अन्य व्यक्ति के पास विक्रय करने के लिये ग्राहक तलाश कर रहा है, ऐसी जानकारी मेरे कार्यार्थी को विश्वस्त सूत्रों से मिली है, इस कारण यह आम सूचना प्रकाशित किया जा रहा है, कि उपर्युक्त वर्णित भूमि को कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, न्यास, निगम या मण्डल द्वारा क्रय-विक्रय न करें और न ही उपर्युक्त वर्णित भूमि के संबंध में दिनेश कुमार गोंड़ से कोई खरीदी बिक्री रहन, गहन या अन्य माध्यम से अंतरण संबंधी संव्यवहार न करे।
दिनांक 15.02.2026

भवदीय
**रवि सिंह क्षत्रिय (अधिवक्ता)**
**पता-गुलजार नगर, पकरिया रोड, तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 7000072731, 9893353316**

### न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

मा.क्र अ-6अ/2025-26
ग्राम सैदा मन 6, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सैदा मन 6 प.ह.न. 41 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सरस्वती बंजारे पति संतोष बंजारे उम्र 48 वर्ष निवासी वार्ड नं. 15 अमेरी तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम सैदा मन 06 प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. अमसेना, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि परिवर्तित भूमि शीट नं. 14 भू.क्र. 5 में से ख.नं. 141/14 रकबा 0.0115 हे. (1248 वर्गफुट) भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदिका का नाम दर्ज है। उक्त भूमि आवेदिका के हक व स्वामित्व का आवासीय भूमि है। जिस पर आवेदिका शांति पूर्वक काबिज है। उक्त भूमि ऑनलाइन रिकार्ड में कृषि भूमि दिखा रहा है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। अतः आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115 छ.ग. भू.रा.सं. 1959 के तहत परिवर्तित भूमि में दुरूस्त किये जाने हेतु इस न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 18.02.2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार, सकरी**

### आम सूचना

सर्वसाधारण सबंधित को सूचित किया जाता है कि मेसर्स हर्ष फूड प्रोडक्ट जो कि भागीदारी फर्म है जिसमें श्री फकीरचंद अग्रवाल पिता स्व. श्री निरंजनलाल अग्रवाल तथा श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल पुत्र श्री फकीरचंद अग्रवाल भागीदार है। उक्त फर्म में श्री फकीरचंद अग्रवाल पुत्र स्व. श्री निरंजनलाल अग्रवाल को मुक्त कर श्रीमती मीनू अग्रवाल पति श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल को भागीदार बनाया जा रहा है।

उक्त फर्म अथवा इसके भागीदारों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, फर्म, कम्पनी बैंक, सरकारी अथवा अर्धसरकारी संस्था आदि कोई भी विवाद, दावा, रकम संबंधी बकाया था विवाद या अन्य कोई हक हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के दस (10) दिन के भीतर दावा संबंधित प्रपत्र के साथ हमारे निम्नलिखित पते पर कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के बाद की गई आपत्ति मान्य नही होगी एवम यही समझा जायेगा की उक्त कार्य हर प्रकार से भार एवम विवाद मुक्त है

पता : मेसर्स हर्ष फूड प्रोडक्ट
प्लाट नं. 04, अंजनी औद्योगिक क्षेत्र
पेण्ड्रारोड, पिन: 495117 जिला
जी.पी.एम. (छत्तीसगढ़)
सूचना प्रकाशिनकर्ता
प्रशांत गुप्ता (अधिवक्ता)



## महाशिवरात्रि पर लगी शिवालयों की भीड़, लगे भंडारे, दिनभर चलता रहा भजन-कीर्तन का दौर

# ग्रामीण अंचल में दिखा श्रद्धा, आस्था व उत्साह का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

महाशिवरात्रि पर्व पर नगर सहित ग्रामीण अंचलों में श्रद्धा, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। खेमगीर बाबा मल्हापारा, खर्राघाट स्थित गणेश्वर महादेव मंदिर सहित नगर और आसपास के गांवों के शिव मंदिरों में भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। श्रद्धालु हाथों में बेलपत्र, फूल और पूजा सामग्री लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए।

महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को सुबह से ही क्षेत्र के शिवालयों में श्रध्दालुओ का तांता लगना प्रारंभ हो गया था। भोलेनाथ के दर्शन के लिए हांथों में पूजन सामाग्री लेकर लोग घंटो लाईन में लगकर प्रतीक्षा भी करते रहे। शिवलिंग पर दूध, बेलपत्र, धतुरे से अभिषेक किया गया। शिव अराधना में महाशिवरात्रि का दिवस धार्मिक मान्यता के अनुसार विशेष महत्वपूर्ण दिन रहता है। भगवान शंकर की विशेष पूजा का यह अवसर ऐसा माना जाता है कि इस दिन दिल से निकली मुराद भगवान भोलेनाथ स्वीकार करते हैं।


शिवालय में पूजा अर्चना करते श्रद्धालुजन।

इसी मान्यता को लेकर श्रद्धालु भक्त जन महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना करते है। धर्म और आस्था का पर्व महाशिवरात्रि को भक्ति पूर्ण माहौल में मनाया गया। मल्हापारा स्थित नगर का सबसे प्राचीनतम खेमगिर, शंकर मंदिर में भगवान भोले की विशेष पूजा अर्चना की गई। खर्राघाट स्थित शिवालय, बड़ा बाजार स्थित शिव मंदिर, खर्रीपारा शिव मंदिर, गर्ल्स स्कूल के पास हनुमान शिवमंदिर, सोनारपारा स्थित शिव मंदिर जिला मुख्यालय से 17 किलोमीटर दूर स्थित सेतगंगा में भोर काल से सायंकाल तक भक्त मां नर्मदा कुंड में स्नान कर प्राचीन श्रीराम जानकी एवं प्रभु शंकरजी के मंदिर में पूजा अर्चना करते रहे।

## श्री शिवाय नमस्तुभ्यं के जयघोष से गूंजा तखतपुर नगर

**तखतपुर**। महाशिवरात्रि पर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। सुबह से ही नगर के विभिन्न देवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हर-हर महादेव और श्री शिवाय नमस्तुभ्यं" के जयघोष से पूरा नगर गूंज उठा।

तख्तेश्वर महादेव मंदिर जनकपुर में प्रातः 4:00 बजे से ही भक्तों की लंबी कतार शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए लग गई थी। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से रुद्राभिषेक और जलाभिषेक कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय बना रहा।इसी प्रकार नगर के अन्य शिवालयों में भी रुद्राभिषेक एवं जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतारें देखी गईं। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुराना थाना परिसर में भी विशेष रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया, जिसमें मोहल्लेवासी एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में साक्षी दिलीप



तोलानी ने पूजा-अर्चना संपन्न कराई। प्रातः काल से शिवालयों में महादेव का अभिषेक कराने के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। नगर के ब्लाक कालोनी, महामाया, कालेज पारा, जनकपुर, बेलपान, बरेला, सुभाष नगर में भक्त जलाभिषेक के लिए पहुंचें और महादेव का बेलपत्र, समीपत्र, आंक, धतूरा, कनेर सहित अन्य पुष्प उन्हें अर्पित किए।

## शैलेश्वर महादेव के दरबार में नहीं लौटता कोई खाली हाथ



**सीपत**। महाशिवरात्रि पर सीपत से लगभग 8 किलोमीटर दूर ग्राम कौड़यिा में तीन दिवसीय ऐतिहासिक मेला श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रारंभ हो गया है। करीब 400 वर्षों से निरंतर लग रहे इस मेले की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। जैसे ही महाशिवरात्रि की तिथि आती है, पूरा गांव हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठता है और शैलेश्वर महादेव के दरबार में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ता है। ग्रामीण बुजुर्गों के अनुसार सदियों पूर्व एक व्यक्ति को स्वप्न में संकेत मिला कि भूमि के भीतर भगवान शिव विराजमान हैं। जब उस स्थान को खोदा गया तो वहां से छोटे स्वरूप में स्वयंभू शिवलिंग प्रकट हुआ। तभी से इस दिव्य शिवलिंग को शैलेश्वर महादेव के नाम से पूजा जा रहा है।

ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि धनेश्वर साहू ने बताया कि शैलेश्वर महादेव की महिमा अपार है। उनकी मान्यता है कि यहां जो भी सच्चे मन से मन्नत मांगता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। विशेष रूप से संतान प्राप्ति की कामना लेकर आने वाले दंपतियों की आस्था यहां गहरी है। धनेश्वर साहू ने आगे बताया कि यहां शिवलिंग को स्पर्श करने पर हर भक्त को अलग अनुभव होता है। जिसे पत्थर का एहसास होगा, उसे पत्थर का स्वरूप और जिसे लकड़ी का एहसास होगा, उसे लकड़ी का स्वरूप अनुभव होता है। यही इस स्थान की दिव्यता और चमत्कारिक महिमा है। सरिता परमेश्वर साहू, उपसरपंच रामदेव भेड़ पॉल, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र श्रीवास्तव , घनश्याम पटेल, भागवत यादव, दिलीप साहू, राजेश सोनी, राजू दास मानिकपुरी, हरप्रसाद राठौर, रमेश यादव, मुख्य पुजारी बसंत कुमार पांडेय, रत्नेश कश्यप, जितेंद्र कुमार नायक, सचिव चमरू पटेल, भीष्म पटेल, चंद्रहास राठौर, तिहारुराम ध्रुव सहित सभी ग्रामीण पूरे उत्साह के साथ आयोजन में जुटे हुए हैं।

## विजय ने बूढ़ा महादेव पहुंचकर लिया आशीर्वाद



**बिलासपुर**। कांग्रेस नेता विजय केशरवानी ने महाशिवरात्रि पर कार्यकर्ताओं के साथ रतनपुर स्थित प्राचीन बृद्धेश्वर महादेव मंदिर (बूढ़ा महादेव) में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उनके साथ आशीष शर्मा, राजा रावत एवं रवि रावत उपस्थित रहे।

## कई जगहों पर लगे मेले का लोगों ने उठाया आनंद

**मुंगेली**। अंचल में महाशिवरात्रि पर अनेक स्थानों पर मेले का आयोजन किया गया। प्रमुख रूप से ग्राम रामगढ़ स्थित खर्राघाट में तीन दिवसीय मेला एवं ग्राम नवागांव टेमरी तथा संगवाकापा में मेले का आयोजन किया गया। मेले में आस-पास के व्यवसायियों ने खिलौना मिठाई, चाट, गुपचुप, मिट्टी के बर्तन आदि की दुकाने बड़ी संख्या में लगी रही। जहां मेले में उपस्थित लोगों ने खरीददारी करते हुए मेले का आनंद लेते रहे।

नगर से लगे हुए ग्राम रामगढ़ में महाशिवरात्रि के अवसर खर्राघाट के किनारे भगवान भोलेनाथ के मंदिर एवं गणेश्वर महादेव पर जलाभिषेक करने वालों की भीड़ सुबह से लगी रही। सुबह से ही आसपास के श्रद्धालु भक्तजन पैदल चलकर आगर नदी में ब्रम्हमुहर्त में स्नानकर श्रद्धालु भोलेनाथ को जलाभिषेक करते रहे। दूरदराज क्षेत्रों से आए दुकानदारों द्वारा सुबह से ही अपनी दुकान सजाकर



रखे थे। ग्रामीणजन भगवान का पूजा-अर्चना करने के बाद मेला परिसर में परिचितों से मेल मुलाकात कर खरीदारी करते हुए शाम को घर लौटते रहे। मेले में देर शाम तक लोगों की भीड़ लगी रही। मेले में बच्चे एवं युवाओं के लिए रहचूल एवं झूले विशेष आकर्षण का केन्द्र था। नवागढ़ रोड स्थित ग्राम पंचायत टेमरी नवागांव में महाशिवरात्रि के पर्व पर तीन दिनों तक मेले का आयोजन किया गया हैं। मेला स्थल पर हनुमान मंदिर भोलेनाथ शंकर भगवान का मंदिर संतोषी माता एवं कुण्ड स्थित हैं। यहां आसपास गांव के ग्रामीण मेला में सम्मिलित होने के लिए सुबह से ही मेला स्थल पर पहुंच गये थे। ग्राम संगवाकांपा मोहपाड़ संगम स्थल के पास महाशिवरात्रि पर्व पर मेले का आयोजन किया गया। सेतगंगा स्थित श्रीरामजानकी मंदिर के कुण्ड में सुबह से ही श्रद्धालुजन स्नान कर श्रीरामजानकी मंदिर एवं शिवमंदिर में पूजा अर्चना करते रहे।

## कालेश्वर के दर्शन के लिए भक्तों का लगा तांता



**सकरी**। महाशिवरात्रि पर परिक्षेत्र के प्राचीन भरनी स्थित करिया मंदिर कालेश्वर महादेव में दर्शन करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। शनिवार रात्रि 12 बजे से ही भक्त प्रथम दर्शन के लिए मंदिर पहुंचने लगे थे। ये सिलसिला रविवार को देर रात तक चलता रहा। मंदिर परिसर हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय के जयघोष से गूंजायमान रहा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मंदिर परिसर शिवाष्टकम, कथा- पूजा और भजन संगीत से ओत प्रोत रहा। मंदिर के पुजारी पं. उत्तम अवस्थी, भुवनेश पंडा महाराज एवं रामचंद्र पाठक ने बताया कि इस वर्ष अन्य वर्ष की अपेक्षा अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे थे। उल्लेखनीय हो कि भरनी स्थित करिया मंदिर में स्थापित शिव लिंग एवं मंदिर प्राचीन और ऐतिहासिक है मान्यता है कि यहा जो भी सच्चे मन से महादेव की आराधना करते है उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। नवयुवक युवतियों को मनचाहा जोड़ी, संतान की इच्छा चाहने वाले दंपती को संतान प्राप्ति होती है। इस दिन यहां विशेष मेला का भी आयोजन होता है।

## शिव दर्शन मेला में दिखी भक्ति और अध्यात्म



**सीपत**। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में आयोजित चार दिवसीय अमरनाथ शिव दर्शन मेला श्रद्धा, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बन गया। 13 से 16 फरवरी तक चले इस दिव्य आयोजन में ग्राम एवं नगर क्षेत्र से आए हजारों श्रद्धालुओं, माताओं-बहनों, युवाओं और बच्चों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। पूरा परिसर "ओम शांति" की पावन ध्वनि, मनमोहक सजावट और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर दिखाई दिया। बिलासपुर ग्रामीण सेवा क्षेत्र की प्रभारी बीके संतोषी दीदी ने बताया कि मेले का उद्देश्य केवल दर्शनीय झांकी प्रस्तुत करना नहीं, बल्कि समाज में आंतरिक शांति, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक जागरूकता का प्रसार करना है। संस्था के माध्यम से राजयोग ध्यान, सकारात्मक सोच और आत्मिक पहचान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे व्यक्ति तनावमुक्त, संयमित और सशक्त जीवन जी सके।

## हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा क्षेत्र



**पथरिया**। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। रविवार सुबह से ही शिव मंदिरों के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। नगर के प्रमुख शिवालयों के साथ ही आसपास के गांवों के प्रसिद्ध मंदिरों में भोर से ही भक्तों का तांता लग गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जल एवं दूध से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। दिनभर मंदिरों में भक्तिमय वातावरण बना रहा। भक्तों ने शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, फल-फूल एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। रात्रि में विभिन्न मंदिरों में भजन-कीर्तन, जागरण और महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कई श्रद्धालुओं ने दिनभर व्रत एवं उपवास रखकर भगवान भोलेनाथ की आराधना की। पूरे नगर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा और हर-हर महादेव के जयघोष से क्षेत्र गूंज उठा।

## मल्हापारा से निकली भगवान शिव की बारात



**मुंगेली**। महाशिवरात्रि पर जय महाकाल सेवा समिति द्वारा मल्हापारा से भगवान शिव की भव्य बारात निकाली गई। आकर्षक झांकियों और सजे-धजे वाहन के साथ निकली बारात नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए खर्राघाट पहुंची। बारात में शिव-पार्वती और गणेश की झांकियां श्रद्धालुओं का मन मोह रही थीं। जगह-जगह नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन की धुन पर भक्त झूमते नजर आए। पूरे मार्ग में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। शिवरात्रि के अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर भंडारे और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। जय महाकाल सेवा समिति एवं शिव आराधना सेवा समिति सहित अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महाशिवरात्रि पर्व पर मुंगेली नगर में आस्था, भक्ति और उत्सव का अद्भूत दृश्य देखने को मिला। शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न हुआ।

## भोलेनाथ व माता पार्वती की झांकी निकाली गई



**दगोरी**। महाशिवरात्रि पर्व पर जगह जगह भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना आरती कर भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। गौरा चौक में आचार्य राजेश्वर चौबे द्वारा सत्यनारायण कथा का आयोजन किया गया। जय महाकाल ग्रुप द्वारा भगवान शंकर माता पार्वती की जीवंत झांकी निकाली गई। मुख्य अतिथि जनपद सभापति राजकुमार साहू थेञ। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी दशरथ सन्नाट थे। संचालन एवं आभार कौशल ध्रुव ने किया। इस अवसर पर छन्नू राम निषाद, माधोराम, बाजरहा राम, मानाराम निषाद, हरिराम साहू, धन साय ध्रुव, बिरेंद्र कौशिक, अनीश कौशिक, राजेश कश्यप, अनिल, शिव, मुकेश, शनि निषाद, राहुल सेन, अनित, संजू, कृष्ण, आयुष, लोकेश सहित बड़ी संख्या में ग्राम के गणमान्य जन महिलाए,बच्चे उपस्थित थे। बाबा तालाब में स्थापित शिव मंदिर में सत्यनारायण कथा का आयोजन एडवोकेट श्यामता प्रसाद सन्नाट परिवार तथा गजेंद्र कौशिक द्वारा किया गया। शिवनाथ नदी के पावन तट पर बावा मठ पर भगवान भोलेनाथ शिव लिंक मूर्ति की स्थापना कार्तिक साहू द्वारा कराया गया। अमेरी अकबरी स्थित बेल भावर में शिव के दर्शन प्राप्त करने दिन भर श्रद्धालू जनों का तांता लगा रहा।

## धर्म की हानि होती है तो भगवान लेते हैं अवतार

**मस्तूरी**। समीपस्थ ग्राम रिस्दा में आयोजित 21 कुंडीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में चौथे दिन वृंदावन से आई कथा वाचिका आराध्या देवी ने कृष्ण जन्मोत्सव कथा का रोचक प्रसंग सुनकर उपस्थित जन समूह को झूमने पर मजबूर दिया। जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया और आयोजकों द्वारा विभिन्न प्रकार के पकवान छप्पन भोग के रूप में वितरित किए गए। इस कथा में दिन प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती जा रही है।

कथा आचार्य ने व्यासपीठ से भगवान श्रीकृष्ण जन्म की संगीतमय कथा सुनाई जिसमे महिलाओ ने जन्मोत्सव के गीत गाकर बालगोपाल श्रीकृष्ण की आराधना की। कथा व्यास ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों



से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं।

भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। यह कथा एवं यज्ञ जूना अखाड़ा के स्वामी सत्यानंद गिरी महाराज के सानिध्य में ग्रामवासी एवं आस-पास के सहयोग से आयोजित हो रहा है।

## शिवालयों में रही श्रद्धालुओं की भीड़

**लगरा**। शिव आराधना का पावन पर्व महाशिवरात्रि रविवार को श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव के प्रमुख मंदिरों श्री राम जानकी मंदिर, श्रीवास मोहल्ला स्थित शिव मंदिर, कोयला विहार स्थित शिव मंदिर, चांदनी चौक मैं स्थित शिव मंदिर,बजरंग चौक में स्थित



शिव मंदिर आदि शिवालाओं में सुबह से लेकर दोपहर तक श्रद्धालुओं की भीड़ रही। आराध्य देव की विधिवत पूजा अर्चना व जल अभिषेक, फूल बेल पेट दूध गंगाजल आदि से जल अभिषेक किया गया। मंदिर आयोजन समिति द्वारा भंडारे की व्यवस्था की गई थी।

## नर्मदा कुंड में लोगों ने लगाई डुबकी

**लोरमी**। महाशिवरात्रि पर शिव घाट स्थित प्राचीन नर्मदा कुंड में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई । भगवान भोले नाथ का बेल पत्र, शमी पत्र, दूध, दही, घी, मधुरस चढ़ाकर भगवान भोले नाथ का अभिषेक पूजा अर्चना की। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। सभी ने भगवान भोले नाथ



की पूजा अर्चना की। प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी 7 दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें मौत का कुंआ, ड्रेगन झूला, हवाई झूला लगा है। जिसका आनंद लोग ले रहे हैं। मेले के आयोजन को लेकर नगर पंचायत द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। अध्यक्ष सुजीत वर्मा, उपाध्यक्ष, पार्षद एवं सीएमओ नगर पालिका द्वारा मेले के आयोजन की व्यवस्था की गई है।

## भू -फोड़ शिवलिंग में जलाभिषेक करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**मस्तूरी**। समीपस्थ ग्राम हिर्री में लीलागर नदी के समीप स्थित विशाल भू फोड़ शिवलिंग में महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक करने सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। गांव के वरिष्ठ नागरिक गोवर्धन प्रसाद साहू ने बताया कि भू फोड़ शिवलिंग में ग्राम रिसदा, पेंड्री, कोहरौदा, परसदा,



लाफार्ज, अर्जुनी, बूटराभावर, देवगांव, पारघाट, मुलमुला, मस्तूरी सहित अन्य गांव कस्बों के श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव के साथ जलाभिषेक किया।

कहा जाता है इस दिन श्रद्धा भक्ति से बुड्ढा महादेव में जलाभिषेक करने से काम, क्रोध, मोह, लोभ जैसे विकारों से मुक्ति मिलती है। महाशिवरात्रि पर तीन दिनों के लिये मेला लगा है। मंदिर प्रांगण में रात्रि के समय रामायण, भजन कीर्तन का कार्यक्रम रखा गया है। इस दौरान भक्तों को सेवा में गांव के सरपंच देवकुमारी गुलाब साहू, शिव मंदिर के अध्यक्ष रामपाल साहू, मंदिर पुजारी एगेश्वर वैष्णव , मकुंद राम साहू, बबलू निषाद, अश्विनी साहू, भगतराम साहू मानेन्द्र साहू, परदेशी, पेन्टर सुनील साहू, गिरधारी, गजाधर, पीताम्बर, भरत साहू सालिक राम सहित समिति के सदस्य जुटे रहे और अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### क्रिकेट प्रेमियों ने मनाया जश्न



**बिलासपुर।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 61 रनों से हराकर पाक को खेल के मैदान पर फिर से धूल चटा दी है। यह विश्व कप इतिहास में पाकिस्तान पर भारत की आठवीं जीत है, जबकि दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 9 मुकाबले हुए हैं। इस एकतरफा मुकाबले में भारतीय टीम ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। जैसे ही पाक का आखिरी विकेट गिरा और भारत की जीत का ऐलान हुआ, शहर का माहौल बदल गया। हर दिशा 'भारत माता की जय' की गूंज से भर उठा बिलासपुर में भी युवा हाथो में तिरंगा झंडा लेकर इस जीत का जश्न केक काटकर मिठाईयां बाँटकर मनाया।

### जंगली सुअर के हमले से व्यक्ति की मौत

**बिलासपुर।** जंगली सुअर के हमले से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस जांच में जुट गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, तारबाहर हरि किशन कालोनी निवासी प्रदीप गुप्ता पिता संतोष गुप्ता 53 साल का कोटा में फार्म हाउस है। रविवार को वे कोटा फार्म हाउस गए थे। इसी दौरान फार्म हाउस में घुसकर जंगली सुअर से काट कर जख्मी कर दिया। परिजन के द्वारा उन्हें इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### स्कूटी में बीयर ले जाते युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** स्कूटी में बिक्री करने के लिए भारी मात्रा में बीयर लेकर जा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से 9 बाटल बीयर बरामद किया गया है। तारबाहर पुलिस को सूचना मिली एक युवक बिक्री करने के लिए भारी मात्रा बीयर लेकर स्कूटी में जा रहा है। पुलिस ने पुराना बस स्टैण्ड में घेराबंदी कर जूपिटर क्रमांक सीजी 10 जेड, 9578 सवार अमेरी निवासी शेर सिंह मोहले पिता संतोष मोहले 24 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर थैले में 6 व डिक्की में 3 बीयर के बाटल मिले। पुलिस ने आबकारी अधिनियम 34, 2 के तहत बीयर व स्कूटी जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



### जुआ खेलते पकड़े गए 6 जुआरी

**बिलासपुर।** पुलिस ने खार में जुआ खेलते 6 जुआरियों को पकड़ लिया है। उनके पास से 23 हजार रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, मुखबिर से सूचना मिली धूमा के खार में जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर जुआ खेलते विनय कश्यप, अमन सोनी, हनी वर्मा, संजय कश्यप, बंटी कश्यप, प्रज्वल कुम्हारे को पकड़ लिया है। उनके पास से 22 हजार 800 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### चाकू लहराकर दुकानदार से पैसा मांगा, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने चाकू लहराकर दुकानदार से पैसा मांगने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, पचरीघाट निवसी समीर खरे ने रिपोर्ट लिखाई। 14 फरवरी को वे रात 8 बजे अपनी फर्नीचर दुकान बंद करने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान पचरीघाट निवासी सृजनेश शर्मा पिता विजय शर्मा 26 साल आया और शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। मना करने पर चाकू निकालकर डरा धमका रहा था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर सृजनेश को गिरफ्तार कर चाकू जब्त कर लिया है।



**आए दिन हो रही चोरियों के बाद जागा अस्पताल प्रबंधन** | **चोरी करते पाए जाने पर किया जाएगा सीधे पुलिस के हवाले**

# 120 कैमरों से सिम्स के चप्पे-चप्पे पर होगी नजर, अलग से बनेगा कंट्रोल रूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में इन दिनों चोरी की वारदात बढ़ चुकी है, ऐसे में चोरों पर नकेल कसने प्रबंधन ने भी कमर कस ली है। सिम्स के वार्ड और परिसर में अब 120 कैमरों की मदद से निगरानी की जाएगी। इसके लिए गार्ड रूम में ही कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। जिसके लिए गार्ड की तैनाती की जाएगी।

सिम्स में इलाज कराने पहुंचने वाले मरीज और परिजनों की सुरक्षा की दृष्टि से सिम्स प्रबंधन द्वारा हाई रेंज सीसीटीवी कैमरा लगाई जा रही है। परिसर में कई जगहों पर पहले से ही कैमरे मौजूद है, लेकिन इसकी क्वालिटी समय के साथ ही फीकी हो चुकी है, वहीं 30 से अधिक कैमरे हाल ही में खराब पाए गए हैं, जिसे बदल दिया गया है, वर्तमान में 120 नए कैमरे लगाए जा रहे हैं। ये कैमरे हाई क्वालिटी के हैं और नाइट विजन लैंस से लैस हैं, जिससे दिन के साथ ही रात में भी कैमरों की मदद से



निगरानी की जा सकेगी। खास बात यह है कि पिछले 2 माह से सिम्स में चोरी की वारदात बढ़ी है। ऐसे में मरीजों की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं, जिसे संज्ञान में लेते हुए प्रबंधन ने कैमरा लगाने की कवायद की है। खास बात यह है कि इसकी जद में पूरा सिम्स अस्पताल आने लगा है। ज्यादातर कैमरों के इंस्टालेशन पूरे किए जा चुके हैं, वहीं कुछ जगहों पर काम जारी है। इस माह के अंत तक कैमरों का इंस्टालेशन पूरा हो जाएगा।

### पहले लगाए गए थे 80 कैमरे

3 साल पहले सिम्स में 80 कैमरे लगाए गए थे। बजट नहीं होने के कारण उस दौरान कम रेजूलेशन के कैमरे लगाए गए थे, जो समय के साथ ही खराब होने लगे है। हाल ही में उनकी मरम्मत भी कराई गई लेकिन 30 कैमरे खराब पाए गए है। जिसके बाद प्रबंधन ने उसे बदलने का निर्णय लिया था।

### मरीज सुरक्षित रहेंगे

पहले भी कैमरे लगे हैं, लेकिन कई कैमरे काम नहीं करते हैं। जिसके चलते हमें दिक्कत उठानी पड़ती है। अब अच्छी क्वालिटी के कैमरे लगाए गए है, जिसका कंट्रोल रूम भी गार्ड रूम के पास ही रहेगा। इससे हर आने व जाने वाले पर नजर रहेगी। वहीं मरीज व परिजन सुरक्षित हो सकेंगे।

**-डॉ लखन सिंह,** अधीक्षक, सिम्स

**सभी थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई**

# पुड़िया में गांजा बेचने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, 6 आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने पुड़िया में गांजा बेचने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। गांजा व नशीली टेबलेट बेचने वाले 7 लोगों को पकड़कर गांजा व प्रतिबंधित टेबलेट जब्त की गई है।

शनिवार को एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले के सभी थानेदारों को अनिवार्य रूप में पुड़िया में गांजा बेचने वाले व बड़े पैमाने में गांजा तस्करी करने वालों व प्रतिबंधित नशीली टेबलेट व इंजेक्शन बेचने वाले को पकड़ने का आदेश दिया है। उसके बाद थानेदार अपने अपने क्षेत्र में बल के साथ गांजा व टेबलेट बेचने वालों की तलाश में जुट गए। इस दौरान सिविल लाइन पुलिस ने मंगला दीनदयाल कालोनी छोटा काम्प्लेक्स सब स्टेशन के पास पुड़िया में गांजा बिक्री करने वाले लोखंडी निवासी बबुआ उर्फ राजकुमार निर्मलकर पिता स्व. लतेल निर्मलकर 58 साल को पकड़कर उसके पास से 2 किलो 80 ग्राम गांजा व 480 रुपए बिक्री रकम जब्त किया है। कोनी पुलिस ने बिरकोना निवासी पूर्णिमा वर्मा पति चैतराम वर्मा 32 साल को पकड़कर उसके पास से 1 किलो 256 ग्राम गांजा बरामद किया है।

सरकण्डा पुलिस ने रानी सिंह पति रामकिशोर सिंह 40 साल बंधवापारा निवासी से 2 हजार 925 नग प्रतिबंधित नशीले टेबलेट व बबली वंशकार पति महेन्नल वंशकार 30 सो जोगी आवास बंधवापारा से 1 किलो 214 ग्राम गांजा, अभय भार्गव पिता राजेश भार्गव 24 साल प्रभात चौक चिंगराजपारा निवासी से 1 किलो 136 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। बेलगहना पुलिस ने कोंचरा निवासी देवचरण वैष्णव पिता कृष्णादास वैष्णव 50 साल को पकड़कर उसके पास से 300 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने गांजा व टेबलेट जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### 225 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रतनपुर।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रतनपुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा के व्यापार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 225 ग्राम गांजा, नकद 23 सौ रुपए तथा एक मोबाइल फोन जब्त किया है। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 14 हजार 8 सौ रुपए आंकी गई है।

पुलिस के अनुसार 14 फरवरी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई किअरविंद जैन उर्फ अन्नू अपनी किराना दुकान में अवैध रूप से गांजा की पुड़िया बनाकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने किराना



स्टोर में दबिश दी। तलाशी के दौरान 225 ग्राम गांजा एवं 2300 रुपये बिक्री रकम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### कोटा पुलिस विक्रेता को थाने से छोड़ा

कोटा थाना के एक प्रधान आरक्षक ने रानीसागर के एक युवक को पकड़कर आधा किलो गांजा बरामद किया गया। गांजा सहित युवक को थाने में लाकर बैठाया गया। उसके बाद युवक के चाचा को थाने में तलब कर लेनदेन का बिना कार्रवाई के युवक को थाने से छोड़ दिया गया है। उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी होन पर कोटा पुलिस को जमकर फटकार लगाकर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। अब पुलिस उसके पिता की तलाश में लगी हुई है। टीआई नरेश चौहान का कहना है युवक गांजा नहीं बेचता है उसका पिता गांजा बेचता है। इसलिए युवक को छोड़ा गया है।

### सिरगिट्टी में गांजा बेचते दो पकड़े गए

सिरगिट्टी पुलिस ने क्षेत्र में पतासाजी कर पुड़िया में गांजा बेचने वाले पोर्टर खोली निवासी शंकर दास पिता नारायणदास मानिकपुरी 19 साल को पकड़ लिया है। उसके पास से 360 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। इसी तरह पोर्टर खोली निवासी शेख राजा पिता शेख शमीम 30 साल को पकड़कर उससे 240 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

# एक बार फिर रतनपुर के कुंड में चार कछुओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर के कुंड में एक बार फिर से कछुए की मौत का मामला सामने आया है। प्रबंधन की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कछुओं का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जिसकी रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है।

बिलासपुर वन मंडल के रतनपुर वन परिक्षेत्र में एक बार फिर से मां महामाया मंदिर के कुंड में चार कछुओं की मौत हो गई है। कछुओं के मौत की सूचना रतनपुर मंदिर प्रबंधन से मिलने के बाद वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंची, जहां कुंड के जल में चार कछुए मृत नजर आए। रतनपुर के कुंड में पिछले वर्ष भी 30 से अधिक कछुओं की मौत हुई थी, जो जाल में फंसे हुए मिले थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम ने सभी मृत कछुओं को अपने कब्जे में लेने के बाद कानन पेण्डारी जू के वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. पीके चंदन को पोस्टमार्टम के लिए बुलाया। कछुओं का प्रारंभिक पोस्टमार्टम करने के बाद डॉ. चंदन ने इसकी रिपोर्ट सोमवार तक देने की बात कही। इसके कारण अब तक कछुओं की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

विभाग के अनुसार शुक्रवार की शाम सात बजे के आसपास मंदिर प्रबंधन ने वन विभाग को घटना की जानकारी दी थी, जिसके बाद रतनपुर वन परिक्षेत्र अधिकारी सहित अन्य स्टाफ तत्काल मंदिर परिसर स्थित कुंड में पहुंचे थे। कुंड के आसपास काफी भीड़ लगी हुई थी, जिसके उपरांत चारों मृत कछुओं को बाहर निकाला गया। देखने से घटना संदिग्ध नजर आ रही है। अधिकारियों के निर्देश के



बाद चारों कछुओं को रेंज कार्यालय लाने के साथ ही पोस्टमार्टम कराया गया है। कछुओं की संदिग्ध मौत को देखते हुए बिसरा एकत्रित करने के बाद लैब में जांच कराई जाएगी, जिसके लिए एक वन कर्मचारी को बिसरा लेकर जबलपुर भी भेजा जा सकता है।

### दम घुटने से हुई थी मौत

रतनपुर मां महामाया मंदिर में कछुओं की मौत का मामला पहले भी हो चुका है। पिछले वर्ष महामाया मंदिर के कुंड में 30 से अधिक कछुए मृत मिले थे, जो जाल में फंसे हुए थे। इन सभी कछुओं को कुंड से निकालने के बाद वन विभाग की टीम ने पोस्टमार्टम किया, जिसके बाद सभी कछुओं की मौत का कारण पानी के अंदर दम घुटना बताया गया। इस दौरान सीसी टीवी फुटेज खंभालने के साथ आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई थी, लेकिन मामला बाद में ठंडे बस्ते में चला गया।

### पीएम के बाद कार्रवाई

रतनपुर वन परिक्षेत्र में मां महामाया मंदिर के कुंड में चार कछुओं मृत अवस्था में मिले हैं। सभी कछुओं को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कछुओं की मौत कैसे हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की जांच व कार्रवाई की जाएगी।

**-नीरज कुमार,** डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर

# तीन दुकानों से नकद व सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चोर गिरोह ने आतंक मचाते हुए तीन दुकानों में धावा बोलकर गल्ले से नकद रकम व सामान चोरी कर रात्रि गश्त की पोल खोलकर रख दिया है। सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।

■ चोर मचा रहे आतंक

शनिचरी भक्त कंवर राम मार्केट स्थित पुन्नी लाल कृष्णचंद गुप्ता किराना दुकान के संचालक मोंटी गुप्ता ने बताया, रोज की शनिवार की रात दुकान बंदकर घर चले गए थे। रविवार की सुबह दुकान खोलने गए तो शटर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो गल्ले में रखा 40 हजार रुपए व मंहगी क्रीम, चाकलेट की चोरी हो गई थी। उनके बाजू के संतोष वाधवानी के मशाला की दुकान से चोरों ने गल्ले से 1 हजार रुपए नकद रकम चोरी कर लिया है। एक दिन में दो दुकानों में चोरी से व्यापारियों में हड़कंप मच गया।

### थाना के करीब बेधड़क चोरी

कोतवाली थाना के करीब चोरो ने बेधड़क किराना दुकान व मशाला दुकान का शटर खोलकर अंदर घुसे और चोरी करने के बाद शटर गिराकर भाग गए। सीसीटीवी कैमरे में 4 लोग चोरी करते नजर आ रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि मार्केट के स्ट्रीट लाइट लंबे समय से बंद पड़ी हुई। अंधेरे का फायदा उठाकर चोरो ने चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है। इसके पूर्व भी कई दुकानों में चोरी हो चुकी है। पुलिस चोरों को नहीं पकड़ पा रही है।



वह दुकान जहां से हुई चोरी।



सीसी कैमरे में कैद चोर।

### कोटा हार्डवेयर दुकान में चोरी

कोटा पुलिस के अनुसार, लोरमी रोड में रजनीश गुप्ता की हार्डवेयर की दुकान है। शनिवार की रात वे दुकान बंद कर घर चले गए थे। बीती रात चोर पीछे के दरवाजे से अंदर घुसकर गल्ले से 30 हजार रुपए नकद चोरी कर पीछे के रास्ते से भाग गए है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### डेढ़ माह में 450 से अधिक वाहन चालकों पर कार्रवाई

**बिलासपुर।** डेढ़ माह में यातायात पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाकर शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 450 से अधिक वाहन चालकों पर कार्रवाई कर चालान कोर्ट में पेश किया है। यातायात एडीशनल एसपी रामगोपाल करियारे ने बताया, ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सतत कार्रवाई की जा रही है। डेढ़ माह में बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले 1300 से अधिक चालकों पर शमन शुल्क की कार्रवाई की गई है। आटीएमएस के माध्यम से 7500 से अधिक यातायात नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर आनलाइन चालानी कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया सर्वाधिक सड़क दुर्घटना शाम 6 बजे से रात्रि 12 बजे के मध्य हुई है। इस दौरान विशेष रूप से प्रत्येक दिन अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा प्रभावी एवं सघन दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाई जा सके। जागरूक करने के बाद भी कुछ वाहन चालकों के द्वारा यातायात नियमों के प्रति अनुशासनहीनता, असंवेदनशील एवं सुरक्षा मानदंडों के प्रति उपेक्षा से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। ऐसे वहां से करोड़ो लोगों की अभियान चलाकर सतत चेकिंग की जा रही है।

# बिचौलियों से जब्ती के 65 मामलों में जुर्माने के बाद धान वापस

### धान खरीदी के बाद मालिकों को लौटाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

धान खरीदी के दौरान किसानों से सस्ती कीमतों में धान खरीदकर समर्थन मूल्य पर खपाने की फिराक में लगे रहने वाले बिचौलियों से प्रशासन द्वारा गठित उड़नदस्ता दलों के द्वारा 65 मामलों में 17 सौ क्विंटल धान की जब्ती की गई थी। धान खरीदी समाप्त होने के बाद मंडी विभाग द्वारा अब मंडी अधिनियमों के अंतर्गत जुर्माने की कार्रवाई कर संबंधितों को उनके धान की वापसी की गई है।

पंद्रह नवंबर से समर्थन मूल्य पर प्रारंभ की गई धान खरीदी के दौरान जमकर मुनाफाखोरी करने की नीयत से बिचौलियों के द्वारा जिले के प्रत्येक गांव में किसानों से सस्ती दरों में धान की खरीदी की गई थी। बिचौलियों का उद्देश्य कम कीमत में धान खरीदकर समर्थन मूल्य पर 31 सौ रूपए में बेचने का था, लेकिन प्रशासन की मुस्तैदी से इनकी दाल



नहीं गल सकी। जिले के विभिन्न क्षेत्रों को मिलाकर उड़नदस्ता दलों के द्वारा अवैध धान परिवहन के 65 प्रकरण बनाए गए थे। इन सभी मामलों में धान की जब्ती कर गोदामों में रखवाए गए थे।

31 जनवरी को धान खरीदी समाप्त हो जाने के बाद अब अवैध धान के सभी मामलों में मंडी अधिनियमों के अंतर्गत जुर्माने की कार्रवाई करते हुए जब्त धान संबंधितों के सुपुर्द कर दिए गए हैं। जिले की सभी मंडियों बिलासपुर, कोटा, तखतपुर एवं जयरामनगर मिलाकर कुल सत्रह सौ क्विंटल अवैध धान की जब्ती की गई थी, जो मालिकों के सुपुर्द कर दी गई है।

### सुपुर्द किया गया है धान

धान खरीदी समाप्त हो जाने के बाद 65 प्रकरणों में अवैध रूप से पकड़े गए लगभग 17 सौ क्विंटल धान संबंधित मालिकों के सुपुर्द कर दिए गए हैं।

**-राजेंद्र ध्रुव,** प्रभारी, मंडी विभाग

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# मूर्ति चोरी की रिपोर्ट लिखाने गए ग्रामीणों से कहा 2 से 4 घंटे बाद आना

**बिलासपुर।** सीपत के लूतरा में 60 साल पुरानी मूर्ति चोरी होने से गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीण चोरी की रिपोर्ट लिखाने थाने गए तो प्रधान आरक्षक ने उन्हें 2 से 4 घण्टे बाद आने को कहा।

■ एसएसपी ने हवलदार को जमकर फटकारा

ग्रामीणों की शिकायत पर एसएसपी ने प्रधान आरक्षक को जमकर फटकार लगाई। उसके बाद सीएसपी एसीसीयू टीम के साथ गांव पहुंचकर चोरों के पतासाजी में जुट गए है। सीपत क्षेत्र के ग्राम पंचायत लूतरा के सरपंच चंद्रमणी मरावी ने लिखित शिकायत करते हुए बताया कि गांव के रावत राय गांव का मुख्य प्राचीन देव है, जिसकी लोग सुबह शाम पूजा करते हैं। 15 फरवरी की सुबह गांव के लोग पूजा अर्चना करने गए तो मूर्ति चोरी हो गई थी। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। सरपंच गांव के लोगों के साथ मूति चोरी की रिपोर्ट लिखाने सीपत थाने गए तो दिवस अधिकारी प्रधान आरक्षक जयपाल बंजारे ने उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुए 2 से 4 घण्टे बाद रिपोर्ट लिखाने की बात कही, जिससे ग्रामीण व दिवस अधिकारी के बीच बहस होने लगी। ग्रामीणों ने एसएसपी रजनेश सिंह को फोन पर दिवस अधिकारी की शिकायत करते हुए चोरी की रिपोर्ट नहीं लिखने की बात कही। एसएसपी श्री सिंह ने पीड़ित से अच्छा व्यवहार नहीं करने पर दिवस अधिकारी प्रधान आरक्षक बंजारे को जमकर फटकार लगाई। उसके बाद श्री सिंह के निर्देश पर सीएसपी निमितेश सिंह परिहार एसीसीयू टीम के साथ लूतरा जाकर चोरों की पतासाजी में जुट गए हैं।





online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई, 22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411